कोटा, गुरुवार
30 जनवरी, 2025
माघ शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2081
पृष्ठ: 8, मूल्य : 2 रुपए
नगर संस्करण
jannayakkota@gmail.com

# जननायक

वर्ष: 46, अंक: 302, रजिस्ट्रेशन : 30949/73 | डाक पंजीयन: कोटा/310/2022-24 | जन जीवन का दर्पण | कोटा, जयपुर, चित्तौड़गढ़ से प्रकाशित

## महाकुंभ में संगम नोज पर भगदड़, 30 श्रद्धालुओं की मौत

**हादसे में 90 श्रद्धालु घायल, मृतकों एवं घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 1920 जारी**

महाकुंभ नगर (एजेंसी)।



प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिसमें से 25 श्रद्धालुओं की शिनाख्त हो गई है। हादसे में 60 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मरने वालों में अधिकतर श्रद्धालु कर्नाटक, गुजरात और असम के हैं। मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द और डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव में बैरिकेड्स टूटने से ये हादसा हुआ। हादसे में 90 श्रद्धालु घायल हुए। इसमें से 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। मृतकों में से 25 की पहचान हो चुकी है। 24 घायलों को घर भेज दिया गया। 36 घायलों का इलाज प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में जारी है। मेला अधिकारी विजय किरन आनन्द ने बताया आज कोई वीवीआईपी-वीआईपी प्रोटोकाल नहीं था। उन्होंने बताया कि आगे भी अमृत स्नान के पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। मेलाधिकारी ने बताया ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मेला प्रशासन ने मृतकों व घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन न. 1920 जारी किया।

### हादसे की जांच करेगा न्यायिक आयोग, मृतकों को मिलेगा 25-25 लाख रूपये का मुआवजा

हादसे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। पुलिस भी हादसे की जांच करेगी। यूपी के सीएस और डीजीपी गुरुवार को घटना स्थल का दौरा करेंगे। प्रदेश सरकार मृतकों को 25-25 लाख की आर्थिक मदद देगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, घटना अत्यंत दुखद है, मृतकों के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस घटना की पूरी जांच करवाकर हम इसकी तह में जाएंगे। इसके अलावा पुलिस के स्तर पर हम लोग इसकी अलग से जांच करवाएंगे ये घटना किन कारणों की वजह से हुई है। मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। न्यायिक आयोग मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। घटना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। इस हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार को बनाया है। पूर्व डीजीपी वी.के. गुप्ता व सेवानिवृत्त आईएएस बी.के. सिंह आयोग के सदस्य हैं। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष से शुरू होने की उम्मीद, तैयारियों में जुटा प्रशासन

**देहरादून।** हिन्दुओं की आस्था के प्रमुख स्थलों में शामिल कैलाश मानसरोवर की यात्रा इस वर्ष से शुरू हो सकती है। इस संबंध में नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में एक बैठक हुई है। जिसमें पिथौरागढ़ जिले के पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र भी शामिल हुए थे। नई दिल्ली की बैठक से लौटे जिले के पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र ने बताया एक बार कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने की उम्मीद जग गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मई में यात्रा एक बार फिर से शुरू होने की संभावना है। पर्यटन विभाग ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र ने बताया बैठक में यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और इस पर सहमति भी बन गई है। दरअसल दिल्ली में कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय की एक बैठक में चर्चा हुई व यात्रा शुरू करने को लेकर सहमति भी बनी।



**वर्ष 2019 से बंद है यात्रा**

कैलाश मानसरोवर हिन्दुओं की आस्था के प्रमुख स्थलों में है। यहां हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ निवास स्थल कैलाश मानसरोवर के दर्शन को आते थे। यह पवित्र स्थल चीन में मौजूद है। इसका एक रास्ता पिथौरागढ़ से जाता है। वर्ष 2019 में कोरोना के कारण यात्रा को बंद कर दिया गया लेकिन अब यात्रा शुरू होने की उम्मीद जाग गई है।

**धारचूला से लिपुपास तक सड़क तैयार :** जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया धारचूला से लिपुपास तक सड़क तैयार करने के साथ यात्रियों के ठहरने के लिए जगह-जगह कुमांऊ मंडल विकास निगम ने हर्ट्स तैयार लिए हैं। साथ ही यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं भी जुटाई जा रही हैं।

### न्यूज ब्रीफ

#### शिफा उर रहमान को चुनाव प्रचार के लिए मिली कस्टडी पैरोल

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में आरोपित एआईएमआईएम प्रत्याशी शिफा उर रहमान को 3 फरवरी तक दिल्ली विधानसभा में प्रचार के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि शिफा उर रहमान पैरोल के दौरान अपने घर पर रह सकते हैं। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने शिफा उर रहमान को नामांकन दाखिल करने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था।

#### केजरीवाल के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अदालत में परिवाद दायर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा दिल्ली में सप्लाई किए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान का हरियाणा सरकार ने संज्ञान लिया है। हरि. सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में परिवाद दायर किया गया है। मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार पर इस प्रकार का आरोप लगाकर अरविंद केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। हरियाणा सरकार कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### एक नजर




**विधानसभा में सर्वदलीय बैठक : स्पीकर ने सभी दलों को सदन संचालन में सहयोगी बनने का किया आह्वान**

## सर्वदलीय बैठक : मंत्री आएंगे तैयारी के साथ प्रतिपक्ष भी सदन संचालन में बनेगा सहयोगी

जयपुर (कासं)।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधानसभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की 8 करोड जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आये जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार से जनआकांक्षाओं के अनुकूल आदर्श प्रस्तुत करें। देवनानी ने कहा विधानसभा सदन नियमों, परम्पराओं व मर्यादाओं से चलता है। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा है। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की बैठकें 31 जनवरी से शुरू होगी। इससे पूर्व बुधवार को विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधानसभा में सर्वदलीय बैठक सम्पन्न हुई।

देवनानी ने कहा विधानसभा का सदन नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन को वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत टेब लगाकर तैयार कर दिया गया है। सदन में सार्थक चर्चा और राज्यपाल अभिभाषण को पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्यगण शांतिपूर्ण सुनने के लिए बैठक में सहमती बनी।



### 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधानसभा को प्राप्त हुए

अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सोलहवीं विधानसभा के 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गये है। देवनानी ने कहा यह शुभ लक्षण है। शेष रहे प्रश्नों के जवाब भी विधान सभा को शीघ्र प्राप्त हो जाएंगे। बैठक में विधानसभा को 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब प्राप्त होने के लिए विधान सभा अध्यक्ष द्वारा किये गये प्रयासों की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित सभी ने सराहना की।

### सर्वदलीय बैठक में आए महत्वपूर्ण सुझाव

बैठक में सदन में पहले से चल रही पर्ची पर बोलने की व्यवस्था पर मंत्रियों से जवाब दिलाने पर भी चर्चा हुई। समितियों की रिपोर्ट पर बहस कराये जाने और अधिकारियों की सदन की अधिकारी दीर्घा में उपस्थिति को सुनिश्वित किये जाने के सुझाव भी आये। वासुदेव देवनानी ने सभी दलों के नेताओं को सदन के बदले स्वरूप का अवलोकन भी कराया।

### स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में आती है नवीन गति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी अपनी बात रखने के लिए पक्ष व प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों की भावना एक समान ही होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा। सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा। उन्होनें कहा कि स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में नवीन गति आती है।

### सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष सदन संचालन में सहयोग करेगा। प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सदन संचालन में इस सर्वदलीय बैठक के दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे।

### शालीनता से उठायें मुद्दे, सभी को मिलेगा बोलने का मौका

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के मुख्य सचेतक को सदन की समय सीमा के अनुसार ही आसन को बोलने वाले सदस्यों की सूची देनी होगी। समय सीमा में ही सदस्यों को अधिक से अधिक अपनी बात रखनी होगी। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये। देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिपक्ष अपनी बात रखें। प्रतिपक्ष को नियमों के अनुसार पूरा समय दिया जाएगा।

**प्रदेश में 2 से 4 फरवरी को बारिश संभव**

## 'बादल छाने' से बढ़ा पारा सर्दी से मिली हल्की राहत

### 16 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे

**जयपुर।** एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से बुधवार को प्रदेश के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भीलवाड़ा सहित कुछ अन्य स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। प्रदेश के पारे में दो से 10 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे आमजन को सर्दी से हल्की राहत मिली है। प्रदेश के 16 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया। राज्य के कुछ भागों में एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ दो से चार फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग अनुसार कमजोर पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 48 घंटो में तापमान में 2-10 डिग्री बढ़ोतरी दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान में आंशिक बादल छाए रहे व छुटपुट स्थानों पर बूंदाबांदी दर्ज की गई। प्रदेश के अधिकांश भागों में आगामी तीन-चार दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। बुधवार को प्रदेश के 9 शहरों का दिन का पारा 30 पार दर्ज किया गया। इनमें बाड़मेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डबोक, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और जालौर शामिल है। सीकर के रात के पारे में 10 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 34.4 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन व 15 डिग्री के साथ डूंगरपुर की रात सबसे गर्म रही। 5.8 डिग्री के साथ लूणकरणसर की रात सबसे सर्द रही।



जयपुर में मंगलवार रात से ही आसमान में हल्के बादल नजर आए। इससे जयपुर के दिन और रात के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बुधवार को छितराए बादल छाए रहे। बादल छाने के साथ मध्यम गति की हवाएं चली। जयपुर के दिन के पारे में मामूली व रात के पारे में 3 डिग्री से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 26.2 व न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया।

## आवासन मंडल का कनिष्ठ विधि अधिकारी एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की भरतपुर चौकी टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए आवासन मंडल जयपुर के कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी के डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया एसीबी भरतपुर चौकी को शिकायत मिली थी कि परिवादी के पिता के नाम राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की विशिष्ट पंजीकरण योजना 2003 के तहत इंदिरा गांधी नगर, जगतपुरा में आवास आवंटित हुआ था। पिता की मृत्यु के बाद यह आवास परिवादी के नाम स्थानांतरित कर दिया गया था।



कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता ने इस आवास का मांग पत्र जारी करने के बदले ढाई लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के आधार पर एसीबी की भरतपुर चौकी टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की और प्रशांत गुप्ता को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। साथ ही, संदिग्ध उप सचिव, आवासन मंडल जयपुर, अनिल पालीवाल की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से तीन तलाक मामले में देशभर में दर्ज मुकदमों की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अपराध करार देने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया वो एक साथ तीन तलाक बोलने के चलते मुस्लिम मर्दों के खिलाफ देशभर में दर्ज मुकदमों और चार्जशीट की जानकारी दे। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने अगली सुनवाई मार्च में करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा केंद्र सरकार को यह भी बताना है कि क्या तीन तलाक पर सरकार की ओर से लाये कानून के खिलाफ किसी हाईकोर्ट में कोई मामला लंबित है। केंद्र ने कहा सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित करने के बावजूद इस पर रोक नहीं लग पाई।

## कैबिनेट बैठक : 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने हरित प्रौद्योगिकियों से जुड़े महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी दी है। इस पर 7 वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ महत्वपूर्ण खनिज मिशन के शुभारंभ को मंजूरी दे दी।

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया इस मिशन का उद्देश्य भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने, संसाधन संपन्न



देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के विकास का प्रस्ताव है। इस मिशन में खनिज प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण का समर्थन करने के प्रावधान शामिल हैं। ये महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को भी बढ़ावा देगा और महत्वपूर्ण खनिजों पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में व उच्च तकनीक वाले उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए गत दो साल में भारत सरकार ने कई पहल की। महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त मंत्री ने बजट में मिशन की स्थापना की घोषणा की थी।

### इथेनॉल की कीमत बढ़ी, अब 57.97 रुपए प्रति लीटर मिलेगा

सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति 2024-25 के लिए अपनी योजना के तहत 'सी हैवी मोलासेस' से प्राप्त इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की। सीसीईए ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को आज मंजूरी दी है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 (1 नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025) के लिए सी हैवी मोलासेस (सीएचएम) से प्राप्त ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की गई है। वैष्णव ने बताया इथेनॉल की कीमतों में 3 प्रतिशत की वृद्धि से बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने के लिए इथेनॉल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। बता दें कि सरकार इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम लागू कर रही है। इसके तहत तेल कंपनियां 20 फीसद तक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं।

**दिल्ली चुनाव : प्रधानमंत्री मोदी जनसभा में बोले- 'आप-दा' वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी**

## यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी : मोदी

### प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली वासियों ने मन बना लिया है 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग संबोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में 'डबल इंजन' भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनाएगी, दिल्ली को आधुनिक बनाएगी, हर घर तक नल से जल पहुंचाएगी, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाएगी। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है लेकिन जानबूझकर, बद इरादे से पाप करने वालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता। आप-दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है। उन्हें पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली इस



बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी। उन्होंने आआपा और कांग्रेस पर पिछले 25 साल में दो जेनरेशन बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले 14 साल कांग्रेस का शासन रहा फिर 11 साल आआपा का शासन रहा लेकिन दिल्ली की समस्याएं जैसी थी वैसी ही बनी हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कुछ पुण्य आत्माओं ने इसमें अपनी जान गवाई है, कुछ घायल हुए हैं। वह पीड़ित परिवारों के प्रति दुख जताते हैं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। वे लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है। 'मोनी अमावस्या' के समय प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे। इसके चलते स्नान को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया लेकिन अब श्रद्धालु आराम से डुबकी लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली प्रदेश इकाई को दिल्ली की जनता को समर्पित संकल्प पत्र लाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, स्कूली छात्रों, मध्यम वर्ग, ऑटो चालकों, दुकानदारों और स्लम में रह रहे लोगों के लिए कई योजनाएं हैं। भाजपा की सरकार बनने पर इन सभी वादों को पूरा किया जाएगा। दिल्ली का यह क्षेत्र यमुनाजी के तट पर बसा है। इलाके में बाबा श्याम गिरि भी विराजते हैं। वे उनको नमन करते हैं। कार्य दिवस होने के बावजूद भी लोग विशाल संख्या में दोपहर के समय आए हैं। वे उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। ये दृश्य दिल्ली का 'मूड' बता रहा है। दिल्ली का जनादेश दर्शा रहा है।

### घरेलू नौकरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने को पैनल गठित करे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू काम काज करने वालों के शोषण को रोकने का कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार को 6 महीने में पैनल गठित कर कानून की रूपरेखा तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा घरेलू कामगार देश के कार्यबल का अहम हिस्सा हैं, लेकिन न तो उन्हें श्रम कानूनों के दायरे में रखा और न कोई अन्य कानून उनके हितों की रक्षा के लिए बना है। इस वजह से घरेलू कामगार नियोक्ताओं व एजेंसियों के हाथों शोषित होने के लिए मजबूर हैं। कोर्ट ने मंत्रालयों को निर्देश दिया वे आपस में विचार विमर्श कर घरेलू कामगारों के लिए कानून की रूपरेखा सुझाने के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाए। कमेटी छह हफ्ते में रिपोर्ट देगा।

## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट व मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दूसरी ओर संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की। विपक्ष का कहना है ये पूरी तरह असंवैधानिक है और इससे वक्फ बोर्ड में सरकारी हस्तक्षेप को अनुमति मिल जाएगी।

दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष का कहना है विपक्ष की ओर से उठाए गए कई मसलों व चिंताओं का संशोधित स्वरूप में ध्यान रखा गया है। विधेयक के कानून बनने पर वक्फ बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पारदर्शिता व प्रभावी रूप से निभा पाएगा। तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा हमने 32 पेजों को लेकर अपना 'डिसेंट नोट' दिया। हमें कल शाम ही 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट 7.55 मिनट पर मिली थी। विपक्षी नेता असदुद्दीन औवेसी ने कहा कि इतने कम समय में 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट को कैसे अध्ययन किया जा सकता है।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एकता प्रथम स्थान पर



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राजकीय महाविद्यालय में 'खेलकूद एवं सांस्कृतिक' सप्ताह के तहत खो-खो एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। स्वरचित कविता पाठ में देवांश देराश्री प्रथम, हिमांशु मेघवाल द्वितीय तथा एकता त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. सुलेखा जोशी, डॉ. गजानन चर्पे व डॉ. मंजू शर्मा निर्णायक मण्डल के सदस्य रहे। प्रो.नवीन मित्तल ने अहिल्या बाई होल्कर फाइनेंशियल लिट्रेसी विषय पर चर्चा कर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें एकता त्रिपाठी प्रथम, माही लालवानी द्वितीय तथा भूमिका सेन व अलिसा गौर तृतीय स्थान पर रहे। संचालन संयोजक डॉ. श्वेता आचार्य ने किया।

खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो में चित्रांक्षा गौड़ की टीम विजेता रही तथा कोमल बैरवा की टीम उपविजेता रही। खेल समिति समन्वयक डॉ. एसएम नफीस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन में खेल प्रभारी डॉ. सचिन डोई, संकाय सदस्य डॉ.भरत सिंह मीणा, प्रो. रघुराज परिहार, डॉ.धनराज, डॉ. सुरेश कुमार मीणा, डॉ. लादू लाल जाट मौजूद रहे।

## बंबूलिया में धर्म ध्वजा की हुई स्थापना



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** इटावा के पास बम्बूलिया में तलाई के बालाजी पर धर्म ध्वजा की स्थापना की गई।

राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि बंबूलियां कलां के तलाई के बालाजी पर आध्यात्मिक चेतना बढ़ाने और पंचायत की सामाजिक समरसता को स्थापित करने के क्रम में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई है। ग्राम आचार्य ओम कृष्ण शर्मा ने मंत्रोच्चार से ध्वज पूजन करवाया। इस दौरान सरपंच अशोक मीणा, डीलर शंकर नागर. पूर्व सरपंच हेमराज मीणा, पूर्व डायरेक्टर सत्यनारायण मीणा, राकेश मीणा, रामहेत मीणा, नन्द बिहारी मीणा, राकेश मीणा, धीरज मीणा, सुरेंद्र शर्मा, जगदीश खारोल, गिरिजाशंकर शर्मा, मोहित, बजरंग लाल नागर, धर्मराज, ब्रजमोहन, रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में भामाशाहों का किया सम्मान




**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुरा (खैराबाद) में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्र में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खैराबाद कृति मेहरोत्रा, जिला प्रमुख कोटा मुकेश कुमार मेघवाल, जिला प्रमुख झालावाड़, जिला परिषद सदस्य धीरज सिंह सिसोदिया, सरपंच ग्राम पंचायत सलावदखुर्द सांवरलाल मेघवाल, सरपंच ग्राम पंचायत कूकड़ाखुर्द धनराज गुर्जर मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। साथ ही जिला एवं राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र ने बताया कि कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद मेघवाल, जमालुद्दीन, नरेंद्र सिंह, रविकांत मीना, किरन चौहान, मनोज कुमारी एवं नेहा गौतम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान




**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कंसुआ स्कूल में वार्षिक उत्सव में जेसीई कोटा शक्ति ने प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। समारोह में 8वीं, 10वीं व 12वीं के छात्रों को उनकी मेहनत और प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान निष्ठा और साधना का आभार व्यक्त किया गया।

## बिजली बंद रहेगी

**कोटा।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।




**दोपहर 1 से शाम 5 बजे तकः** कॉमर्स कॉलेज रोड, तलवंडी सेक्टर 1 और आसपास का क्षेत्र, जाट समाज के आसपास, तलवंडी सेक्टर ए, दाऊदयाल सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल आदि।

**सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तकः** सीएडी क्षेत्र में माधुरी हाउस, माधव टावर, रॉयल आटेर्ना अपार्टमेंट, होटल किंग्स, स्टेट बैंक आदि।

**सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तकः** बापू बस्ती, बालिता रोड यूआईटी कॉलोनी, कैलाशपुरी, बालाजी टाउन, आदर्श नगर, कुन्हाड़ी पेट्रोल पंप के पीछे, श्री कैलाशपुरी, स्वागत कॉलोनी, सुमन विहार का कुछ हिस्सा, गायत्री विहार, मैरी कॉलोनी, कैथून रोड, राधाकृष्ण धाम, रिलायंस टावर, शुभ सवेरा कॉलोनी, गणपति विहार, कुटुंबकम रायपुरा, अमृत नगर, ओपेरा अस्पताल के पीछे व आसपास का क्षेत्र आदि।

**सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तकः** महावीर नगर तृतीय सेक्टर 2, 3, मां भारती पुराना स्कूल, आरके नगर, शिव नगर आदि।

**सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तकः** गोपाल विहार, आदित्य आवास, नम्रता आवास, त्रिवेणी आवास, कृष्णा नगर, अटवाल नगर, अल्फा कॉम्प्लेक्स, बारां रोड 80 फीट रोड, अटवाल नगर 1, 2, सुखमणी जिम, कच्ची बस्ती, नम्रता आवास, सरदार की कोठी, ब्रिगेडियर पार्थ, गणेशपुरी धाम, भैरू बाबा मंदिर आदि।

**सुबह 10 से शाम 4 बजे तकः** बालाकुंड आदि।

**सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तकः** सकतपुरा, आरएसईबी कॉलोनी, चम्बल कॉलोनी आदि।

**सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तकः** केशवपुरा सेक्टर-7 आदि।

**दोपहर 3.30 से शाम 5. बजे तकः** एकलव्य पार्क के पास, केशवपुरा आदि।

# अब तक 60 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट वितरित, 15 हजार और बाटेंगे

### स्पोर्ट्स कोचेज करेंगे शहरवासियों का उत्साहवर्धन



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट वॉक-ओ-रन से शहरवासियों के जुड़ने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। वॉक-ओ-रन का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के शहरवासियों में उत्साह नजर आ रहा है। इस संदर्भ में बुधवार को नयापुरा स्थित उम्मेद क्लब में एथलेटिक्स कोच ने टीम हार्टवाइज के साथ संवाद किया। इसमें अलग-अलग खेलों के कोच शामिल हुए। सभी ने मिलकर एक स्वर में हार्टवाइज टीम के साथ वॉक-ओ-रन में शामिल होकर शहरवासियों का उत्साहवर्धन करने की बात कही।

संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने कहा कि शहर का हर वर्ग साथ आ रहा है। रजिस्ट्रेशन जोरों पर चल रहे हैं। वर्चुअल वॉक-ओ-रन में शामिल होकर अपनी सहभागिता प्रदर्शित करेंगे। इसके लिए वर्चुअल रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिए गए हैं। शहरवासी अपने-अपने शहरों में दौड़कर भी वॉक-ओ-रन का हिस्सा बनेंगे। इस संवाद में हार्टवाइज टीम के शक्ति सिंह, राहुल जैन, कपिल जैन, राहुल सेठी तथा कोटा के स्पोर्ट्स अधिकारी वाई बी सिंह, प्रशिक्षक मधु फुटबॉल (महिला), तरुण एथलेटिक्स,, सूरज गौतम, तौफीक हुसैन वुशु, नरेंद्र पाटनी कुश्ती, प्रीतम सिंह बॉक्सिंग, अक्षय वैष्णव एथलिट, दीपक हॉकी, लोनी शर्मा फुटबॉल, कविता आर्चरी, विनोद फुटबॉल, हरी सिंह एथलेटिक, आर्मी ट्रेनिंग, रिंकू एथलेटिक्स, कमलेश मेहरा ताइक्कांडो, शुभम सिंह कुश्ती, आबिद शेख जुडो, आदित्य पंवार कुश्ती, विनोद गरेवाल ताइक्कांडो, मुकेश कराते, सोनाक्षी यादव कबड्डी और नंदिनी कँवर फुटबॉल से शामिल हुई।

### 15 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट बांटेंगे

हार्टवाइज टीम के सदस्य कपिल जैन ने बताया कि हृदयाघात से हो रही मौतों में कमी लाने तथा लोगों को हृदयाघात के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से हार्टवाइज टीम ने हार्टअटैक जीवन रक्षक किट वितरण शुरू किया था। शहर में 30 हजार किट बांटने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन लगातार मांग के चलते अब तक 60 हजार से अधिक किट वितरित किए जा चुके हैं और अभी भी लोगों की मांग को देखते हुए 15 हजार किट और अधिक बनवाए गए हैं, जिन्हें लोगों को बांटा जा रहा है।

## अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ में नंदलाल राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ नई दिल्ली की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संयोजक रामवृक्ष प्रजापति, अध्यक्ष सतीश, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मनोज प्रजापति ने समाजसेवी कोटा के नंदलाल प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया। नंदलाल प्रजापति इससे पहले लगातार तीन बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं।

महासंघ के कोटा संभाग अध्यक्ष नंदकिशोर कुश्तला ने बताया किराजस्थान हाडोती संभाग में सामाजिक शिक्षा राजनीतिक आर्थिक रूप से समाज को संगठित और विकसित करने में वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहे नंदलाल प्रजापति ने हमेशा प्रजापति कुंभकार महासंघ कें कार्य रीति नीति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है ।

## किसानों को दी बायो गैस की जानकारी



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं संस्था एनसीएचएसई द्वारा संचालित जलवायु अनुकूल परियोजना अंतर्गत बायो-गैस में उपलब्ध प्रौद्योगिकी पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एआरएस उम्मेदगंज फार्म पर किया गया।

कार्यशाला में किसानों को बायो गैस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उससे निकलने वाली सेलेरी का खेती में उपयोग कर उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा की गई।

खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय के लिए बगीचा, पशुपालन, फसल विवधिकरण, फर्टिलाइजर को कम करके जैविक खेती करने की सलाह दी गई।

कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि आतिश कुमार शर्मा, उप-परियोजना अधिकारी आत्मा अनिल, उद्यान विभाग से कृषि अधिकारी डॉ. भॅवरलाल मीणा, कृषि विज्ञान केंद्र बोरखेड़ा से डॉ. महेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान उम्मेदगंज डॉ. बीएस मीणा सहित आईटीसी से देवब्रत कुमार, मनोज मिश्रा, ग्रीन ग्रो बायोगैस कंपनी उदयपुर से मुकेश ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एसआईआईआरडी-झालावाड़, डीएससी-बारां, एसएमजीवीएस-बूंदी, बीएआईएफ-बीकानेर सहित कोटा जिले के 22 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## सीएससी संचालकों को एनपीएस, एलआईसी व अटल पेंशन योजना का दिया प्रशिक्षण

**कोटा।** मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की ओर से संचालित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी एवं एलआईसी के संयुक्त तत्वाधान में एलआईसी ट्रेनिंग सेंटर छावनी में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला प्रबंधक विकाश तुरावा व लोकेश भट्ट ने बताया कि एलआईसी प्रबंधक एमबीएसई कैलाश चंद महावर ने सीएससी संचालकों को एलआईसी जीरो लेवल से ट्रेनिंग दी ओर साथ ही बीमा सखी के बारे में भी बताया। जयपुर से आए मास्टर ट्रेनर हर्ष वर्जीदअब सिंह ने नेशनल पेंशन सिस्टम और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और योजनाओं के लाभों के बारे में बताया। बैठक में सीएससी संचालक भारत यादव, महेश राठौर, लोकेश कश्यप, कौशल नागर, राम सिंह, प्रदीप सुमन, प्रवेश खंडेलवाल, दिलीप सिंह, नीरज, लेखराज नागर आदि मौजूद रहे।

## व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा में एसबीआई ने दिया 20 लाख का चैक



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में एसबीआई जनरल बीमा की व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी धारक धनराज सुमन की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को 20 लाख रुपए की राशि का चैक प्रदान किया गया।

सहायक महाप्रबंधक राघवेंद्र कुमार ने खानही बाई को 20 लाख रुपए का चैक सौंपा। भारतीय स्टेट बैंक अपने चालू-बचत खाता धारकों के लिए एसबीआई जनरल बीमा की व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी के अंतर्गत बीस लाख की पॉलिसी प्रदान करता है। वर्तमान में यह राशि बढ़ाकर 40 लाख कर दी गई है। इस अवसर पर समस्त शाखा सदस्य, उप शाखा प्रबंधक संदीप गहलोत एवं एसबीआई जनरल के प्रतिनिधी एजाज खान एवं मनीषा दास भी मौजूद रहे।

## 2 से 4 फरवरी के बीच कोटा संभाग में बारिश की संभावना

### नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** फरवरी माह के पहले सप्ताह में कोटा संभाग में नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। राज्य मौसम विभाग ने बुधवार को बुलेटिन जारी करते हुए संभावना जताई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक हाडोती संभाग के मौसम में बड़ी तब्दीली की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य के कुछ भागों में एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ 2 से 4 फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

**किसानों के लिए चिंताः** नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और इस दौरान बारिश होने के पुर्वानुमान ने हाडोती के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कोटा संभाग के चारों जिलों में गेहूं, सरसों, चना, धनिया, लहसुन आदि फसलें खेतों में खड़ी है। जिसमें सरसों तो पकाव की स्टेज पर है। ऐसे में अगर क्षेत्र में फरवरी माह के पहले सप्ताह में मौसम करवट लेता है और बारिश होती है तो किसानों की खेतों में खडी फसलों को बड़े नुकसान की आशंका रहेगी।

**अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरीः** इधर, कोटा में बुधवार को सर्दी का असर कम रहा। दिन व रात के पारे में उछाल आया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिन के पारे में 2 और रात के पारे में 2.4 डिग्री का उछाल आया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री दर्ज हुआ था। बुधवार को पूरे दिन धूप में तेजी रही। कोहरा भी छंटा।

## रोजगार सहायता शिविर में 553 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

**कोटा।** रोजगार सहायता शिविर बुधवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हुए। शिविर में 553 अभ्यर्थियों को प्रारंभिक चयन किया गया।

उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में लगभग 800 अभ्यर्थी पहुंचे। जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डीपी तिवारी, राकेश जैन, रजिस्ट्रार एनके शर्मा ने आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के विकल्पों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए युवाओं से कौशल विकास का आव्हान किया।

शिविर में राजस्थान एवं अन्य राज्यों से विभिन्न निजी कम्पनियां आई जिन्होंने टेक्नीशियन, रिलेशनशिप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सर्विस इंजीनियर, टेक्निकल ऑपरेटर, फाईनेन्स एडवाईजर, सेल्स मैनेजर एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर आदि पदों के लिए चयन प्रक्रिया करते हुए 553 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया। शिविर में रोजगार के लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने वाले विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों ने 32 आशार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

## स्कूली बच्चों को बांटे शूज



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** जेसीआई कोटा स्टार के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल ने बताया कि स्टार के सदस्य गौरव गरिमा अग्रवाल की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रंगबाड़ी में छात्र-छात्राओं को स्कूल शूज एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। स्कूल शूज पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष मोहित जैन, रवि गर्ग, दीप्ति गर्ग, गौरव अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, गौरव सोनी, पंकज बजाज, ब्रह्मानंद गर्ग, मयंक अग्रवाल मौजूद रहे।

## नव वर्ष मिलन समारोह मनाया



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** बिहार समाज विकास समिति की ओर से नववर्ष मिलन समारोह मनाया गया। बिहार समाज के संरक्षक संजय यादव ने बताया कि बुधवार को महावीर नगर तृतीय स्थित विश्वकर्मा मन्दिर परिसर मे समाज बंधुओ की ओर से नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाज की कार्यकारणी के सर्वसम्मति से आयोजित चुनाव में अध्यक्ष पद पर अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनजी यादव, महामंत्री कमलकान्त शर्मा को चुना गया।

## नवनिर्वाचित चेयरमैन का किया सम्मान



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट के नवनिर्वाचित चेयरमैन हाजी खलील अहमद कुरैशी का अलफलाह एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी की ओर से स्वागत किया गया।

अध्यक्ष साबिर खिलजी ने बताया कि नवनिर्वाचित चेयरमैन हाजी खलील अहमद कुरैशी का सोसायटी की ओर से फूलों का हार पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मान किया। सोसायटी ने नए चेयरमैन से उम्मीद जताई कि ट्रस्ट शीघ्र ही शहर में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करने में सफल होगा। इस दौरान सचिव एसएम अय्यूब, कंवीनर जावेद इकबाल, सदस्य मुख्तार अंसारी, शजाउद्दीन अंसारी, इरफान खिलजी, गफूर भाई मौजूद रहे।

## मीना राजीव ब्रिगेड में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री नियुक्त

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सलीम भारती ने राष्ट्रीय राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश गुलाटी की सहमति से एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मंशा के अनुसार राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस में बाबूलाल मीणा को प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री नियुक्त किया है



## कोटा मंडी, किराना व सर्राफा बाजार भाव

# गेहूं व धान (1718) में मंदी रही



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** भामाशाह मंडी में बुधवार को 1.10 लाख कट्टे कृषि जिंस की आवक हुई। गेहूं 25, धान (1718) 50 रुपए प्रति क्विंटल भाव मंदे रहे। लहसुन की आवक 5000 कट्टे रही। लहसुन 1000 से 14000 रुपए प्रति क्विंटल बिका। किराना बाजार में भाव स्थिर रहे।

**भावः** गेहूं 2800 से 3070, धान सुगंधा 2300 से 2501, धान (1509) 2400 से 2771, धान (1718) 2500 से 2951, धान (1885) 2800 से 3051, धान (1847) 2300 से 2651, धान पूसा 2200 से 2621, सोयाबीन 3800 से 4201, सरसों 5300 से 5500, अलसी 5500 से 5700, ज्वार शंकर 2200 से 2700, ज्वार सफेद 3500 से 4000, बाजरा 2200 से 2600, मक्का 2000 से 2300, जौ 1900 से 2150, तिल्ली 11000 से 12500, मैथी 4700 से 5100, कलौंजी 13000 से 17850, धनिया बादामी 5700 से 6600, धनिया ईगल 6550 से 7100, धनिया रंगदार 6500 से 7801, मूंग नया 6500 से 7500, उड़द 4500 से 7300, चना देशी 4800 से 5300, चना मौसमी 5000 से 5350, चना पेप्सी 4800 से 5400 प्रति क्विंटल रहा।

**खाद्य तेल भावः** (15 किलो प्रति टिन) सोया रिफाइंड फॉर्च्यून 2250, चम्बल 2220, सदाबहार 2100, एलेक्सा 1980, दीप ज्योति 2120, सरसों स्वास्तिक 2360, अलसी 2240 रुपए प्रति टिन।

**मूंगफलीः** ट्रक 2780, स्वास्तिक निवाई 2365, कोटा स्वास्तिक 2340, सोना सिक्का 2580 रुपए प्रति टिन।

**देसी घीः** मिल्क फूड 8200, कोटा फ्रेश 8000, पारस 8700, नोवा 8400, अमूल 8900, सरस 8650, मधुसूदन 8900, हरिहंत 8600, गोवर्धन (10 किग्रा) 7200, प्रभात 9000 रुपए प्रतिटिन।

**वनस्पति घीः** स्कूटर 2010, अशोका 2010 रुपए प्रतिटिन।

**चीनीः** 4080 से 4140 प्रति क्विंटल।

**चावल व दालः** बासमती चावल 6000-9000, पौना 4500-6500, डबल टुकड़ी 3500-4500, टुकड़ी 3200-3300, गोल्डन बासमती साबुत 7500-9700, पौना 3300-6000, डबल टुकड़ी 3200-3400, कणी 3000, तुअर 10000-13500, मूंग 9200-10000, मूंग मोगर 9500-10500, उड़द 9000-10000, उड़द मोगर 10000-11500, मसूर 7000-7500, चना दाल 7500-7800, पोहा 4000-5500 रुपए प्रति क्विंटल।

## कोटा सर्राफाः चांदी-सोना तेज

**कोटा।** स्थानीय सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी-सोने के भावों में तेजी रही। चांदी 500 रुपए तेजी के साथ 92,300 रुपए प्रति किलो बोली गई। जबकि जेवराती सोना 500 रुपए तेजी के साथ 82,650 रुपए प्रति दस ग्राम, शुद्ध सोना प्रति 10 ग्राम 83,100 रुपए बिका। टैक्स व अन्य खर्चे अलग। सोना 24 कैरेट (99.5) 82650 रुपए, सोना 22 कैरेट 76530 रुपए, सोना 20 कैरेट 71910 रुपए, सोना 18 कैरेट 66120 रुपए, सोना 14 कैरेट 57860 रुपए प्रति दस ग्राम भाव रहे।

## 16 सफाई कर्मचारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण के 16 सफाई कर्मचारियों के चेहरे खुशी से दमक उठे जब उनको 7 वर्ष बाद नियुक्ति का पत्र प्राप्त हुआ। बुधवार को नगर निगम कोटा दक्षिण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे।

वर्ष 2018 में सफाई भर्ती के दौरान 16 सफाई कर्मचारी ऐसे थे जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण इनको नियुक्ति नहीं मिल पाई थी। निगम प्रशासन ने उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद इनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

विधायक संदीप शर्मा ने सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा व लगन से नगर निगम की सेवा करें और अपने कार्य के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था का मूल रूप से ध्यान रखे। इस दौरान महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपमहापौर पवन मीणा, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक कुमार त्यागी, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह राजावत, पीडी गुप्ता, आरती शाक्यवाल, लक्ष्मी मेहरा, नंद कंवर हाड़ा, रतन बाई मौजूद रहे।

## कपड़ा व्यापार संघ बजाज खाना के अध्यक्ष बने नरेन्द्र



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** बजाजखाना कपड़ा व्यापार संघ का गठन कर चुनाव करवाए गए।

चुनाव अधिकारी शंकर दयानी ने बताया कि मात्र 5 दिन में करीब 250 सदस्यों के सदस्यता ग्रहण करने के बाद मतदान करवाकर कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र राजदेव (निक्कू), सचिव वनोद महबूबानी, उपाध्यक्ष राजेश जैन व प्रदीप भाटिया, कोषाध्यक्ष प्रेम हरयानी, सहसचिव नरेश होतवानी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश पतीरा, मनोज बगड़ा, राजेश ग्वालानी, मोहित राजदेव, मुरली मखीजा एवं लालचन्द वनवानी को निर्वाचित किया गया।

## पुरानी सब्जीमंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष बने खरबंदा

**जननायक संवाददाता**



**कोटा।** पुरानी सब्जीमंडी व्यापार संघ समिति के चुनाव में सर्व सम्मति से सुनील खरबंदा को अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव अधिकारी एडवोकेट अतुल शर्मा ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष पद पर दुसरा कोई नामांकन नहीं मिलने पर सुनील खरबंदा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का व्यापारियों ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

इस दौरान व्यापारियों ने आतिशिबाजी भी की गई। इस दौरान महामंत्री राजू सालवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कोतवाली थाना प्रभारी का किया स्वागत



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** होलसेल व्यापार महासंघ संभाग की ओर से कोतवाली के नए थानाधिकारी महेश कुमार का सम्मान किया गया।

अध्यक्ष पंकज बागड़ी के नेतृत्व में शास्त्री मार्केट होलसेल व्यापार संघ के उपाध्यक्ष चिमन जेसवानी, नरेश कुमार, पुरानी सब्जी मंडी व्यापार संघ (रजिस्टर्ड) अध्यक्ष पवन दुआ, शिवाजी बाजारर महामंत्री हेमंत गर्ग, बर्तन बाजार सचिव रवि जैन, ठठेरा गली होलसेल व्यापार संघ से पुरुषोत्तम सहित अन्य व्यापारियों ने थानाधिकारी का स्वागत किया।

## ज्ञान को बुद्धिमानी में बदलें, तो खुशी आ जाती है



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित एवं संवेदना सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. आरसी साहनी ने कहा है कि जीवन में खुशी के लिए आवश्यक है कि हम हमारे ज्ञान को बुद्धिमत्ता से उपयोग में लें और अपने बुजुर्गों का ध्यान रखें।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के जन सेवा फाउंडेशन तथा सुशीला देवी चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित वरिष्ठजनों के हितार्थ कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई आयु के साथ कुछ समस्याएं भी होती है। उनका निराकरण छोटी-छोटी प्रसन्नता के साथ हो सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर डॉ. राहुल देशमुख ने विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बुजुर्गों से कैसे व्यवहार किया जाए। जरूरी है कि बुजुर्गों को वस्तु न मान कर धरोहर माना जाए।

वरिष्ठ जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष शंकर आसकंदानी ने कहा कि समाज में यदि बुजुर्गों के साथ कोई प्रताड़ना होती है तो यह मनुष्यता पर लानत है। उन्होंने दान को श्रेष्ठतम सेवा बताते हुए बुजुर्गों को परिवार की धरोहर बताया। ओम कोठारी प्रबंध संस्थान के निदेशक डॉ. अमित सिंह राठौड़ ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा के लिए देश में ही नए-नए स्टार्ट सब तैयार हो रहे हैं जो इस बात का संकेत है कि हम कहां पहुंच गए हैं। सुशीला देवी चेरी टेबल ट्रस्ट के दीपक सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।संचालन ओम कोठारी प्रबंध संस्थान के अंकित गुप्ता ने किया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिति मंत्रालय की पुस्तिका का भी विमोचन भी किया गया।

# नए निर्माण से ज्यादा पुरातन का संरक्षण आवश्यक -आचार्य प्रज्ञासागर



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** भारत की संस्कृति को यदि जीवंत रखना है तो सबसे पहले अपने पुरातत्व का संरक्षण आवश्यक होगा । हम नित नए निर्माण तो करते जा रहे है, पर प्राचीन पूरा वैभव की ओर किसी का ध्यान नहीं है । भारत के धर्म और संस्कृति का आधार ही हमारा पुरातत्व है । दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए महावीर नगर द्वितीय में विराजमान आचार्य प्रज्ञासागर जी मुनिराज ने यह बातें कहीं ।

जिला संयोजक पारस जैन ने बताया कि 125 वर्षों से भी अधिक प्राचीन संस्था दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन एवं जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, मंत्री राकेश जैन चपलमन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन सहित कई पदाधिकारी संयुक्त रूप से तीर्थ क्षेत्र कमेटी के क्रियाकलापों एवं भूमिका से अवगत करवाने के लिए आचार्य श्री से मिले। इस अवसर पर जम्बू प्रसाद गाजियाबाद वालों ने बताया कि तीर्थराज सम्मेदशिखर सहित कई तीर्थो पर चल रहे अदालती मुकदमों में से हम कई मामलों में समाधान की स्थिति में है ।

आचार्य श्री ने इस अवसर पर सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य सदैव प्राचीन मंदिरो के जीर्णोद्धार का रहा है और यही कारण है कि महाराष्ट के मांगीतुंगी सिद्धक्षेत्र पर 445 जीर्ण प्रतिमाओ का जीर्णोद्धार मेरी प्रेरणा से श्रावकों द्वारा करवाया जा रहा है । तीर्थ क्षेत्र कमेटी को भी मेरा पूरा आशीर्वाद है कि आपकी समस्त योजनाओं के लिए मे आपको यथा समय पूरा सहयोग प्रदान करूंगा ।

इस अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ के सदस्य अनिल टोरा, राजेश पिडावा, पारसमणी, शैलेंद्र, राजेश बंटी, दिगंबर जैन समाज कोटा के कार्यअध्यक्ष जेके जैन मौजूद रहे।

## कहानी लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने लहराया परचम



**कोटा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान की इकाई की ओर से प्रांतीय स्तर पर विद्यार्थियों में उत्कृष्ट साहित्य का प्रचार-प्रसार व साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने के लिए कुटुंब, परिवार भाव, भारतीय परिवार व्यवस्था एक सकारात्मक दृष्टि एवं औपनिवेशिकता के ऋणात्मक पक्ष में से कोई भी एक विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के निर्देशानुसार, अकलंक कॉलेज आफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को को भारत विकास परिषद चिकित्सालय के सूरज सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण व साहित्यकार सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीनों ही स्थान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान महाविद्यालय की बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्रा अहिंसा गोस्वामी, द्वितीय स्थान रक्षित एच प्रजापति व तृतीय स्थान बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा शिखा हाडा ने प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया ।

# फोर्टवाल व स्कीम प्रभावितों को मिले पट्टे



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण में बुधवार को आयोजित समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पट्टों का वितरण किया गया।

महापौर राजीव अग्रवाल ने बताया कि केशवपुरा सेक्टर 4, रामतलाई, रेतवाली, मोखापाड़ा, न्यू साबरमती कॉलोनी, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, गुमानपुरा छावनी क्षेत्र के निवासियों को अपना मालिकाना हक मिला। उन्होंने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के दौरान फोर्टवाल प्रभावित व स्कीम प्रभावित निवासियों के बारे में फैसला आने के पश्चात् इनके पट्टों का कार्य किया गया, लेकिन विधनसभा चुनाव की आंचार संहिता के चलते उस समय काफी पट्टों का वितरण नहीं हो सका था। राज्य सरकार से मार्गदर्शन मिलने के बाद आज करीब 170 पट्टों का वितरण किया गया। महापौर ने बताया कि मालिकाना हक से वंचित लोगों को जब पट्टे सौंपे तो सभी के चेहरों पर अपार खुशी झलक रही थी। विधायक संदीप शर्मा ने सभी को पट्टा प्राप्त करने पर बधाई दी।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपमहापौर पवन मीणा, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक कुमार त्यागी, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

# पट्टा वितरण में भेदभाव नहीं हो, कोटा उत्तर में नहीं बांटे गए पट्टे

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण में बुधवार को एक समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को पट्टों का वितरण किया गया। लेकिन दूसरी और नगर निगम कोटा उत्तर के सैंकड़ों लोग आज भी पट्टों का इंतजार कर रहे हैं।



कोटा उत्तर उप महापौर फरीदुद्दीन कुरैशी कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में भी जरूरतमंद व आवेदन करने वालों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। कोटा उत्तर नगर निगम के पार्षदों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को भी पट्टा वितरण किया जाना चाहिए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर निगम में जिन लोगों के पट्टे लम्बित चल रहे हैं उन्हें भी पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। भेदभाव पूर्ण रवैये को बंद कर जनहित में सभी आवेदकों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कोटा उत्तर में भी पट्टों का वितरण किया जाए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा।

इस दौरान पार्षद उषा ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, गोपाल दास, परवेज शिब्बू, शहर जिला कांग्रेस सचिव दीपक शर्मा, खेमराज सिंह टीटू, शिवम माथुर, निशा गौतम, विनोद गौतम, चेतना माथुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भागवत कथा में नृसिंह व वामन अवतार के प्रसंग का किया वर्णन



**कोटा।** महावीर नगर विस्तार योजना स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा में बुधवार को भगवान नृसिंह एवं वामन अवतार के प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित अनिल दीक्षित ने कहा कि अपने भक्त के वचन को सिद्ध करने व अपनी सार्वभौमिकता को प्रमाणित करने के लिए भगवान खंभे से प्रकट हुए। परमात्मा तो धरती के कण-कण में विराजमान हैं किन्तु उन्हें प्रकट करने के लिए हमें प्रेम से पुकारना पड़ेगा। यह भागवत कथा इस जीवात्मा को परमात्मा तक पहुंचने तथा परमात्मा को प्रकट करने का मार्ग दर्शन कराती है। इसका श्रवण मनुष्य के जीवन से मौत का भय दूर कर परम प्रेम को प्रकट करता है। इस दौरान भगवान नृसिंह व भगवान वामन अवतार की सजीव झांकी का दर्शन कराया गया।

मंदिर समिति ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान बुद्ध सिंह हाड़ा, गोविन्द शर्मा, दशरथ नागर व महेश चन्द गौतम, पार्षद देवेंद्र चौधरी ने भागवत कथा की आरती की।

# पावर्ड आयोजन में किया रैम्प वॉक




**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** कोट्योर शो-2025 सीजन छ का आगाज लोट्स अनंता एलीट में आयोजित किया गया। भारत 24 विजन ऑफ न्यू इंडिया और फर्स्ट इंडिया की ओर से प्रस्तुत व मारुति एक्सचेंज की ओर से पावर्ड आयोजन में ग्लैमर की शाम सजी।

कार्यक्रम का उद्घाटन सीक्वेंस में डूंगरी स्टूडियों संस्थापक मून बोहरा, मेघा जैन, नंदिनी श्रृंगी, सुमित गोयल (संस्थापक, कृष्णम) और आईएफए इंस्टीट्यूशन फॉर एविएटर्स और योग्गिट एचसी के डिजाइनर ने कलेक्शन शो रैम्प वॉक करके किया। वहीं डॉ. रसीला भूरिया जो पूर्व में मिस दिवा इंडिया ग्लोब 2023 रह चुकी है और राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में असिस्टेंट प्रोफेसर मेघा के पारम्परिक लहंगा कलेक्शन को रैम्प पर उतारा। डॉ. रसीला भूरिया ने कहा कि कोटा मेरा बर्थ प्लेस और वर्कप्लेस दोनों है। इनके अलावा रुत्वी तिवारी, नव्या तिवारी और आकांक्षा भल्ला शॉ स्टॉपर ने सेलिब्रिटी शॉ ओपनर एवं शॉ स्टॉपर के रूप में रैम्प वॉक किया। कैप्टन गर्षित गोयल, श्वेतांक माहेश्वरी, शैव्य गौतम, जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल, चंद्रशेखर चौधरी और सुमित शर्मा (सीईओ, स्टूडियो रियलिटी ग्रुप) मौजूद रहे।। आयोजन में एमडब्ल्यूपी (मैन विद ए प्लान) को इवेंट पार्टनर, एनबीजेड को स्टाइलिंग पार्टनर और नितिन शर्मा को फोटोग्राफी पार्टनर भी मौजूद रहे।

केसीएस के निदेशक हितेश कुमार अग्रवाल और एलीट मिस राजस्थान के संस्थापक और निदेशक गौरव गौर शो के रचनात्मक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में जयपुर की 26 फिमेल और 12 मेल मॉडल ने रैम्प वॉक किया।

## पुलिस परिवार कल्याण समिति के अध्यक्ष बने महावीर सिंह



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** पुलिस परिवार कल्याण समिति जिला कोटा की एक आवश्यक बैठक नागाजी का बाग पूर्व मुखी बालाजी मंदिर परिसर नयापुरा में आयोजित की गई। बैठक के दौरान चुनाव संपन्न किए गए जिसमें सभी की सर्वसम्मति से महावीर सिंह शेखावत रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक को संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर राम बल्लभ मीणा, मोहन सिंह राठौड़, रमेश चंद्र भार्गव तथा भंवर सिंह जादौन, महासचिव पद पर सत्यनारायण जांगिड, कोषाध्यक्ष कमल किशोर स्वामी को नियुक्त किया गया। कार्यालय मंत्री बुधराज सिंह हाड़ा व रमेश चंद इंदौरा, संगठन मंत्री गणपत सिंह हाड़ा, कैलाश सिंह जांगिड़, ब्रजमोहन मीणा, रामदेव, जगदीश प्रसाद, संतोष जायसवाल, रमेश चंद मीणा, मदन लाल मीणा, कल्याण सिंह हाड़ा तथा बनवारी लाल मीणा, प्रचार मंत्री धर्मराज सिंह, रामस्वरूप मंडेला राजेंद्र सिंह राणावत तथा सुरेश सिंह नरूका तथा संगठन के सलाहकार अरविंद कुमार शर्मा व मदनपाल सिंह यादव को नियुक्त किया गया।

# छात्राओं को तनाव से मुक्त रहने और स्वयं को मोटिवेट करने के दिए टिप्स



### कामयाब कोटा अभियान, कोचिंग छात्राओं से संवाद

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को लैंडमार्क कुन्हाड़ी में कोचिंग छात्राओं से संवाद के दौरान अपने जीवन के अनुभव शेयर किए। छात्राओं ने जिला कलक्टर से सवाल किए और डॉ. गोस्वामी ने सहजता के साथ उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करने के साथ ही उन्हें तनाव से मुक्त रहने एवं अपने आपको मोटिवेट करते रहने के लिए अपने अनुभव पर आधारित टिप्स दिए।

जिला कलक्टर ने कोचिंग विद्यार्थियों को प्रतिदिन प्रश्नपत्र हल करने की प्रैक्टिस करने, पढ़ाई के लिए अटेंशन स्पान तय करके प्लानिंग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लम्बी प्लानिंग नहीं करें और छोटी प्लानिंग कर उसे कार्यरूप में परिणत करें। अपने एक मित्र का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वो सिर्फ 15 मिनट पढ़ाई करके 2 घंटे खेलने में बिता देता था लेकिन परीक्षा का रिजल्ट आता तो उसके अच्छे मार्क्स होते थे।

उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे पढ़ाई और दिनचर्या की अन्य गतिविधियों में बेलेंस बनाकर चलें। उन्होंने स्वयं पर भरोसा रखने, व्यर्थ की बातों को दिमाग में नहीं रखने और अपने आपको मोटिवेट करते रहने की सलाह दी।

# एफपीओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आगाज

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ लगातार ग्राहकों की संतुष्टि और प्लांट को बढाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता चला आ रहा है। इसी क्रम में नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड आनंद गुजरात की ओर से आयोजित एफपीअ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ।

कोटा बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले दल की बस को झण्डी दिखाकर रवाना किया। कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ के की ओर से संचालित एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन) कंपनी छोटी काशी सरस फोडर सीड कंपनी तथा कोटा सरस फोडर सीड प्रोड्यूसर की और से 20 व्यक्तियो को नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड आनंद गुजरात 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने भेजा गया है। जिसमे चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण सयंत्र, साईलेज, नवीन बीज किस्मों का उपयोग उन्नत नवीन खेती विधियों, आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




अध्यक्ष राठौड़ ने बताया की नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड आनंद गुजरात की तर्ज पर आगे बढ़ने की जरूरत है, इसके लिए प्रशिक्षण की अति आवश्यकता है ताकि कोटा बूंदी दुग्ध संघ भी प्रगति की और अग्रसर हो और चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण, उन्नत नवीन खेती विधियों को जान सके।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आज

कोटा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से रामपुरा गांधी चौक में सुबह 10.30 बजे माल्यार्पण व गोष्ठी का आयोजन होगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बताया कि गोष्ठी के बाद 2 मिनट का मौन रखा जाएगा। पुण्यतिथि को कांग्रेसजन शहीद दिवस के रूप में मनाएंगे।

संपादकीय

# भारत और इंडोनेशिया संबंधों का नया दौर

भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंधों में सहयोग का सफर बहुत पुराना रहा है और अमूमन हर मौके पर दोनों देशों ने नाजुक मौकों पर एक दूसरे का साथ दिया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जब वहां के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत आए, तो रिश्तों के नए आयाम भी खुले। कूटनीतिक पहलू से देखें तो दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच अंतरराष्ट्रीय कानूनों की एक 'पूर्ण और प्रभावी' आचार संहिता की वकालत करके दोनों देशों ने इस समूचे इलाके में एक मजबूत हस्तक्षेप किया है।

यह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि दक्षिण चीन सागर का क्षेत्र हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्रोत है। इसलिए चीन इस समूचे इलाके पर अपना प्रभुत्व जताता रहा है। वहीं विएतनाम, फिलीपींस और ब्रुनेई भी इस पर दावा करते हैं। साथ ही, भारत और इंडोनेशनिया ने आपस में आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया और बिना किसी 'दोहरे मापदंड' के इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया।

यह छिपा नहीं है कि दुनिया के कई देश और खासकर भारत के पड़ोसी कुछ देशों में आतंकवाद के मसले पर कथनी और करनी में कितना फर्क है। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने के संदर्भ में भारत के साथ इंडोनेशिया का मुखर होना अहम है। साथ ही सांस्कृतिक सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और समुद्री सुरक्षा के मामले में कई सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर हुए और रक्षा के मोर्चे पर भी सहयोग को मजबूत करने की घोषणा हुई।

गौरतलब है कि मौजूदा भूराजनीति के बदलते परिदृश्य में अलग-अलग मामलों में देशों के बीच जो नए समीकरण बन रहे हैं या फिर उनकी ओर से जो नीतियां अपनाई जा रही हैं, उससे उपजी चिंता के मद्देनजर संबंधों के नए सिरे खुलना भी स्वाभाविक है। हालांकि इस संदर्भ में मौजूदा दौर में जैसे समीकरण बन रहे हैं, उसके अनुकूल ज्यादा साहस के साथ ठोस पहल की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अतीत की बुनियाद से आगे बढ़ते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच अब सहयोग का नया सफर शुरू होगा।




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जीएसएलवी-एफ15 प्रक्षेपण यान के माध्यम से नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 का सफल प्रक्षेपण कर अपने 100वें मिशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**- भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री


# क्या यह साल भी गर्मी के रिकॉर्ड तोड़ेगा

**सर्दी का मौसम लगभग जाने को है। ऐसे में देखना होगा कि साल 2025 कितना पर्यावरणीय अनुकूल बन पाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा। यह घटना जलवायु संकट की गंभीरता को उजागर करती है। बढ़ता तापमान मानवजनित गतिविधियों और नीतिगत लापरवाहियों का परिणाम है। धरती की लगातार बढ़ती गर्माहट वर्ष 2025 में क्या नया रिकॉर्ड बनाएगी, यह तो आगामी समय ही बताएगा। आंकड़ों पर नजर डालें, तो बीते पंद्रह वर्षों में सबसे गर्म पांच वर्षों का होना इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि जलवायु परिवर्तन अब एक अनदेखी समस्या नहीं रही। इसके प्रभाव हर साल और अधिक स्पष्ट होते जा रहे हैं, जो न केवल पर्यावरण को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि मानव जीवन, कृषि और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर डाल रहे हैं।**

कुमार सिद्धार्थ

वर्ष 2024 में वैश्विक तापमान वृद्धि ने औद्योगिक युग (1850-1900) के पूर्व-स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर लिया। भारत की ऊर्जा संरचना कोयले पर अत्यधिक निर्भर है, जो कुल ऊर्जा उत्पादन का 77 फीसदी है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति के बावजूद, इसका वास्तविक योगदान 10 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि, वैश्विक उत्सर्जन में भारत की हिस्सेदारी केवल आठ फीसदी है, जो चीन और अमेरिका से काफी कम है। भारत के लिए यह समय है कि वह जलवायु परिवर्तन से निपटने की अपनी रणनीतियों को और अधिक सुदृढ़ बनाए। इसे न केवल राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा स्रोतों की विविधता बढ़ाने की जरूरत है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपने प्रयासों को मजबूती से प्रस्तुत करना होगा। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ आगे बढ़ें। इंडिया स्टेट ऑफ द फॉरेस्ट रिपोर्ट (आईएसएफआर) के अनुसार, देश का वन क्षेत्र बढ़कर 25 फीसदी हो गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप भारत का कार्बन सिंक 2005 के स्तर से 2.29 अरब टन तक अधिक हो गया है। रिपोर्ट यह भी दावा करती है कि भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी कार्बन सिंक प्रतिबद्धता को समय से पहले पूरा कर लिया है। लेकिन पौधारोपण को वन क्षेत्र मानने की सरकारी प्रवृत्ति भ्रामक है, क्योंकि ऐसे क्षेत्रों की कार्बन अवशोषण क्षमता सीमित होती है। भारत ने शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य 2070 तक तय किया है, लेकिन हर गुजरते साल के साथ बढ़ती गर्मी इस लक्ष्य को समय से पहले पूरा करने की जरूरत पर बल देती है। जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है; यह मानव जीवन, कृषि और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रही है। वैसे भी भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत से आधा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत जलवायु संकट से मुक्त है। देश को न केवल इस चुनौती को स्वीकार करना होगा, बल्कि निर्णायक पहल भी करनी होगी। सबसे पहले, नीति निर्माताओं को जलवायु कार्य योजनाओं में व्यापक सुधार करने होंगे। इन योजनाओं को क्षेत्रीय और स्थानीय जरूरतों के अनुसार तैयार करना होगा, ताकि उनकी प्रभावशीलता बढ़ सके। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा की भंडारण क्षमता को उन्नत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक भंडारण तकनीकों में निवेश अनिवार्य है। दूसरा, हरित तकनीकों को अपनाने और उनका विस्तार करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। इसके तहत ऊर्जा-कुशल उपकरणों और इमारतों को प्रोत्साहन देना, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना और स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देना शामिल है। तीसरा, शहरीकरण और औद्योगीकरण को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। स्मार्ट शहरों के निर्माण में हरित क्षेत्रों का समावेश, जल-प्रबंधन प्रणालियों का सुधार और टिकाऊ परिवहन तंत्र को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना और वैश्विक मंचों पर अपनी चिंताओं और आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से रखना होगा। जलवायु वित्त और तकनीकी सहायता के क्षेत्र में विकसित देशों से समर्थन प्राप्त करने की दिशा में भारत को अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए। इन ठोस और दूरदर्शी कदमों के बिना, जलवायु संकट का प्रभाव केवल गहराता जाएगा।

# अमेरिका के फंडिंग बन्द करने का डब्ल्यूएचओ पर असर

प्रियंका सौरभ

डब्ल्यूएचओ, जिसके लिए यह 1948 में अपनी स्थापना के बाद से जाना जाता है, अमेरिका के हटने के परिणामस्वरूप निम्न-गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य हलकों के अनुसार, भारत को महामारी की तैयारी, टीबी, एड्स, रोगजनक और एंटीबायोटिक प्रतिरोध निगरानी, अन्य कार्यक्रमों में अधिक निवेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं। व्हाइट हाउस में आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के साथ डब्ल्यूएचओ पक्षपात कर रहा है। यहां चीन को तवज्जो दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमें ठगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 में कई कारणों से भंग कर दिया था, जिसमें कोविड-19 महामारी का कथित खराब प्रबंधन, राजनीतिक स्वतंत्रता की कमी, सुधारों को लागू करने में विफलता और अमेरिका पर 'अनुचित रूप से भारी' वित्तीय मांगें शामिल हैं।

यू.एस. विश्व स्वास्थ्य संगठन की वित्तीय स्थिति वापसी के कारण तनावपूर्ण है। यू.एस. विश्व स्वास्थ्य संगठन के बजट का सबसे बड़ा दाता था, जो 2023 में स्वैच्छिक योगदान का 13त्न और मूल्यांकन किए गए योगदान का 22.5त्न था। फंडिंग के अचानक बंद होने से एक बड़ा संसाधन अंतराल पैदा हुआ, जिससे महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलों को ख़तरा हुआ, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों (कम और मध्यम आय वाले देशों) में। यू.एस. ने रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) जैसे संगठनों के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन समितियों को वैज्ञानिक ज्ञान का योगदान दिया, जिसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वापसी ने वैश्विक निगरानी और महामारी की तैयारी के लिए आवश्यक साझेदारियों को तोड़ दिया। महामारी की तैयारी, निष्पक्ष टीका वितरण और प्रतिक्रिया समन्वय के लिए एक एकल विश्वव्यापी ढांचा बनाने के अमेरिका के प्रयासों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी संधि वार्ता से बाहर निकलने के फैसले से बाधा पहुँची। क्योंकि वापसी ने राष्ट्रीय हितों को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता से आगे रखा, इसने बहुपक्षवाद को कमजोर किया। अन्य देश भी ऐसा ही कर सकते हैं, जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे वैश्विक संगठनों में विश्वास कम हो सकता है। वैश्विक स्वास्थ्य शासन का पहला प्रभाव शक्ति संतुलन में बदलाव है। अमेरिका के बाहर निकलने से चीन और वैश्विक दक्षिण को अंतर को भरने का मौका मिला। जैसे-जैसे चीन ने अपने संसाधनों और प्रभाव का विस्तार किया, भारत जैसे देश निम्न और मध्यम आय वाले देशों के बारे में अधिक मुखर हो गए और निष्पक्ष स्वास्थ्य नीतियों को बढ़ावा दिया। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कमजोर आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीकाकरण कार्यक्रमों और रोग उन्मूलन पहलों का समर्थन करने की कम क्षमता से असमान रूप से प्रभावित हुई थी। यू.एस.-विश्व स्वास्थ्य संगठन साझेदारी की समाप्ति ने महत्त्वपूर्ण अनुसंधान और नवाचारों के प्रसार में देरी की और अंतरराष्ट्रीय महामारी निगरानी नेटवर्क में हस्तक्षेप किया। भारत और अन्य वैश्विक दक्षिण देशों के लिए वैश्विक स्वास्थ्य शासन के पुनर्गठन पर अधिक प्रभाव डालने का एक मौका है। वैक्सीन कूटनीति और समग्र स्वास्थ्य पहलों में अपने नेतृत्व के कारण भारत एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थित है। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा छोड़ी गई नेतृत्व की भूमिका को संभालने की उनकी क्षमता संसाधनों की कमी और परस्पर विरोधी प्राथमिकताओं, जैसे क्षेत्रीय संघर्षों से बाधित है।

जब तक सरकार अनुमति देती है, विश्व स्वास्थ्य संगठन राष्ट्रीय स्वास्थ्य पहलों में भाग लेता है। इसके अतिरिक्त, यह भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई स्वास्थ्य पहलों के साथ सहयोग करता है और उनका समर्थन करता है, जिनमें एचआईवी, मलेरिया, तपेदिक, उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (एनटीडी), रोगाणुरोधी प्रतिरोध और बहुत कुछ शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत के टीकाकरण कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण है; विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीमें वैक्सीन कवरेज पर भी नज़र रखती हैं। यदि अमेरिकी फंडिंग बंद हो जाती है, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत सहित इन पहलों को पूरा करने में असमर्थ होगा। अमेरिका अब अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाएगा। आज, संयुक्त राज्य अमेरिका सार्वजनिक स्वास्थ्य कूटनीति का उपयोग यह प्रभावित करने के लिए करता है कि बाकी दुनिया लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करती है और उसे कैसे सुरक्षित रखती है। अल्बानिया, बुल्गारिया, बेलारूस, चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, रोमानिया और यूक्रेन के साथ-साथ सोवियत संघ सहित कई पूर्वी यूरोपीय देशों ने 1949 में विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने का इरादा घोषित किया। इन देशों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रयासों और उन पर अमेरिका के प्रभाव के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की।यू.एस. वैश्विक स्वास्थ्य के शासन में एक महत्त्वपूर्ण क्षण ट्रम्प के विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने से चिह्नित किया गया था वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सुरक्षा और लचीलेपन की गारंटी देने के लिए, भारत और ग्लोबल साउथ के अन्य सदस्यों जैसे देशों को इन मुद्दों को हल करने और एक निष्पक्ष और सहयोगी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए पहल करनी चाहिए। अमेरिका को वापस लाना। वैश्विक स्वास्थ्य के शासन में स्थिरता और विश्वास बहाल करना अभी भी भागीदारी पर निर्भर करता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए विदाई देना क्यों महत्वपूर्ण है? सबसे पहले, ट्रम्प सही हैं- संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन (विश्व स्वास्थ्य संगठन) का सबसे बड़ा वित्तीय समर्थक है, जो इसके कुल वित्त पोषण का लगभग 18त्न प्रदान करता है। इन फंडों को वापस लेने से कई वैश्विक स्वास्थ्य पहलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जैसे कि तपेदिक, एचआईवी/एड्स और कुछ संक्रामक रोगों के उन्मूलन के प्रयास। विश्व स्वास्थ्य संगठन रोग के प्रकोप को रोकने और पता लगाने, मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण करने और यह गारंटी देने के लिए भी काम करता है कि दुनिया में हर किसी के पास जीवन रक्षक दवाओं तक उचित पहुंच हो। ट्रम्प की झुंझलाहट से यह स्पष्ट है कि सख्त आसन और भौतिक सीमाएं रोगाणुओं को किसी के क्षेत्र से बाहर नहीं रख सकती हैं और वैश्विक स्वास्थ्य प्रयास शून्य में काम नहीं करते हैं। कोविड-19 महामारी ने हमें सिखाया कि जब तक सभी सुरक्षित नहीं हैं, तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं है इस उम्मीद में कि वह अपना मन बदल लेगा और फिर से उनके साथ जुड़ जाएगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अमेरिका से संपर्क किया है। यह सुनने में भले ही कितना भी अद्भुत लगे, लेकिन वैज्ञानिक चमत्कारों ने चिकित्सा क्षेत्र को भी प्रभावित किया है, और चिकित्सा समुदाय को उम्मीद है कि एक और चमत्कार संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ फिर से जोड़ देगा।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का खोला पोर्टल

जननायक ब्यूरो

**बारां।** जिला रसद अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने के लिए आशान्वित परिवारों, व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों, व्यक्तियों के नाम जोडने के लिए पोर्टल 26 जनवरी 2025 से खोला गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित सहरिया परिवारों, व्यक्तियों के नाम अभियान के रूप मे जोड़े जाएंगे। खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत में नाम जुडवाने के लिए ऑनलाईन पोर्टल से ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करना होगा। समावेशन के लिए पात्रता सम्बंधित मापदण्ड निम्नांकित निर्धारित किए गए है।

### समावेशन श्रेणी में प्राथमिकता श्रेणी

अन्त्योदय परिवार, बीपीएल परिवार, स्टेट बीपीएल परिवार, अन्नपूर्णा योजना के लाभार्थी, मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोष से लाभान्वित परिवार, समस्त सरकारी हॉस्टल में अन्तःवासी, एकल महिलाएं, श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिक, पंजीकृत अनाथालय एवं वृद्धाश्रम कुष्ठ आश्रम, कचरा बिनने वाले परिवार, उत्तराखंड त्रासदी परिवार, साइकिल रिक्शा चालक, पोर्टल, कुष्ठ रोगी तथा कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जातियों, लघु कृषक, आस्था कार्डधारी परिवार आदि शामिल है।

वहीं निष्कासन श्रेणी के तहत ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी, अधिकारी हो अथवा एक लाख से अधिक पेंशन प्राप्त करता हों, ऐसे परिवार जिनके किसी भी एक सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो, नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय, व्यवसायिक परिसर धारी परिवार, एक लाख रुपए वार्षिक से अधिक आय सीमा वाले परिवार आते है। सम्बंधित उपखण्ड अधिकारी द्वारा पात्रता के परीक्षण उपरांत खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवार, व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**झालावाड़।** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपए की स्मैक बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करते हुए अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है। जिला पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि कोतवाली पुलिस को अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर इनपुट मिला था। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी रामकेश मीणा ने खण्डिया चौराहे पर नाकाबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे संदिग्ध युवक बसंत लाल तंवर को रुकवाया तो वह घबरा गया। तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद की गई। जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है।

# कृषक सेमिनार का समापन

जननायक ब्यूरो

**बारां।** उप निदेशक उद्यान आनंदीलाल मीणा ने बताया कि कार्यालय उप निदेशक उद्यान द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना 2024-25 के अंतर्गत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लगभग 110 कृषकों ने भाग लिया। जिसमें उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी के अन्तर्गत फलदार बगीचे की स्थापना, मसाला विकास योजना, धनिया, मेथी, लहसुन फसल की जानकारी विषय विशेषज्ञ द्वारा दी गई। कृषि विभाग के अंतर्गत अनाज, दलहन, तिलहन आदि फसलों की जानकारी दी जाती है। उद्यानिकी फसलों को अपनाकर कृषक कम समय में पैसा कमा सकता है। उद्यान विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन पर भी अनुदान दिया जाता है। सोलर पर अनुदान लेकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उप निदेशक उद्यान ने बताया कि सभी कृषकों का पेपर लिया गया। उसमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कार दीपांशु सागवान सहायक निदेशक लोक सेवाएं, अतिरिक्त कोषाधिकारी भेरूलाल मेघवाल ने उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में उद्यान विभाग कृषि अधिकारी मोनिका मीणा, विमल खिंची, कृषि पर्यवेक्षक मनमीत नागर, प्रियंका मीणा, सागर सिंह ओड एवं दीनदयाल मीणा ने योगदान दिया।

# श्वानों की संख्या सीमित करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



जननायक संवाददाता

कोटा। हम लोग संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नगर निगम उत्तर के कमिश्नर अशोक त्यागी से भेंट कर श्वानों की संख्या सीमित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही शहर में बढ़ती डॉग बाइट्स के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। संयोजक डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि कोटा में श्वानों की संख्या हर दिन बढ़ रही है एवं नगर निगम को इनकी नसबंदी की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से एक स्वतंत्र एजेंसी की ओर से नसबंदी की मॉनिटरिंग करवाने का भी आग्रह किया। कमिशनर त्यागी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि निगम इस ओर उचित कदम उठाएगा और शीघ्र ही श्वानों की जनसंख्या को नियंत्रित किया जाएगा। इस दौरान समाजसेवी प्रेम भाटिया, पार्षद जितेंद्र सिंह, रवि गोयल, एडवोकेट बीटा स्वामी एवं राजू गुप्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** गुमानपुरा थाना पुलिस ने छावनी पुलिया के नीचे अवैध शराब बेचते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि मंगलवार को उन्हें मुखबीर से सूचना मिली थी कि छावनी पुलिया के नीचे एक युवक आबकारी विभाग के बिना अनुज्ञापत्र के अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंच कर अवैध शराब बेचते हुए भगवान सिंह तंवर (27) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 52 पव्वे देशी शराब के बरामद किए है।

# मालगाड़ी दुर्घटना की बदली रिपोर्ट, चीफ सेफ्टी ऑफिसर ने जताई नाराजगी

जननायक संवाददाता

**कोटा।** सवाईमाधोपुर में 9 जनवरी को गिरी मालगाड़ी मामले में जांच रिपोर्ट सामने आई है। इस जांच रिपोर्ट में इंजीनियरिंग विभाग को दोषी ठहराने की बात कही गई है। लेकिन इससे नाशुख प्रशासन ने इस रिपोर्ट में बदलाव करते हुए दुर्घटना के लिए परिचालन विभाग को जिम्मेदार ठहरा दिया। इसके लिए पाइंट्मैन की गलती बता दी।

इस बात की जानकारी मिलने पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीण खोराना ने अपनी नाराजगी जताई है। प्रवीण ने कहा कि पूरी जांच के बाद सामने आई जांच रिपोर्ट को कोई आखिर कैसे बदल सकता है। प्रवीण के तेवर को देखते हुए लग रहा है कि यह मामला अभी और तुल पकड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि घटना वाले दिन मौका निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम अनिल कालरा ने मालगाड़ी गिरने से पटरी टूटने की



आशंका भी जताई थी।

### कोटा-सवाईमाधोपुर का निरीक्षण

प्रवीण संरक्षा ऑडिट के लिए बुधवार को कोटा पहुंचे थे। प्रवीण ने अपनी टीम के साथ कोटा-सवाईमाधोपुर रेलखंड स्थित कापरेन-घाट का बराना स्थित क्रॉसिंग गेट, घाट का बराना स्टेशन, लबान-लाखेरी के बीच मेज नदी के पुल, लाखेरी-इंद्रगढ़ के बीच पटरियों का घुमाव, इंद्रगढ़ स्टेशन के पास पाइंट, सवाईमाधोपुर स्टेशन और ट्रेक्शन सब स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रवीण ने संरक्षा संबंधित जरुरी निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान प्रवीण के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक एलके धुरंधर सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के मुख्य अधिकारी शामिल थे।

# दिव्यांगजन के लिए सरल, सुगम और समर्थ जीवन की ओर एक कदम

**कोटा।** राजस्थान सरकार विशेष योग्यजन के सशक्तिकरण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) से ग्रसित दिव्यांगजनों को 1 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देकर इलेक्ट्रिक, पावर व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री का लक्ष्य हर दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सरल, सुगम और समर्थ बनाना है। राजस्थान सरकार की यह योजना दिव्यांगजन के लिए सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि यह योजना बजट घोषणा 2024-25 के तहत लागू की गई है। इसके तहत 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले (पीला या नीला प्रमाण-पत्र धारक) दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक दिव्यांगजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अंबेडकर भवन, नयापुरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# देवी सिंह का राष्ट्रीय बॉक्सिंग में चयन

**कोटा।** उत्तराखंड पिथौरागढ़ में 29 से 8 फरवरी तक आयोजित 38वें राष्ट्रीय बॉक्सिंग खेल में निर्णायक भूमिका के लिए देवी सिंह का चयन किया गया है।

भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता के लिए नई दिल्ली रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड कुल 5 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें डीआरएम कार्यालय में इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के रूप में कार्यरत देवी सिंह भी शामिल हैं।

# एडीआर सचिव ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव गीता चौधरी ने बुधवार को सखी वन स्टॉफ सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव की ओर से वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा, विधिक सहायता एवं परामर्श, पुलिस सहायता इत्यादि सुविधाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सेंटर में बेड उचित संख्या में पाए



गए। सखी सेन्टर पर आने वाली पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करनेके लिए प्रभारी को निर्देश दिए।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** गुमानपुरा थाना पुलिसने जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 26 जनवरी को नगर निगम कॉलोनी छावनी निवासी फरियादी रोहित महावर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह नाले के पास खड़ा था। वहां पर रोहित उर्फ इंडा उससे गाली गलोच करने लगा। वह वहां से भागकर घर आ गया। पीछे से आकाश व रोहित व एक अन्य युवक उसके घर पर आए। तीनों उसक पिता अर्जुन महावर से मारपीट करने लगे। तीनों ने उसके पिता पर चाकू से हमला कर दिया।



जिससे वह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने अनुसंधान के दौरान जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों कोटड़ी निवासी रोहित सिंह बंजारा (19) व आकाश जीनगर (24) को गिरफ्तार किया है।

## नया नोहरा से उम्मेदगंज की ओर 59 करोड़ की लागत से होगा सर्विस रोड का निर्माण

### एनएचएआई ने 6.5 किमी सड़क के लिए की राशि स्वीकृत

**कोटा।** शहर के नया नोहरा और उम्मेदगंज के बीच सर्विस रोड का निर्माण होगा। एनएचएआई ने इसके लिए बुधवार को राशि स्वीकृत कर दी है। 6.5 किलोमीटर लंबाई में यह सर्विस रोड बनाई जाएगी।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पहल पर सुगम यातायात और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सर्विस रोड का निर्माण होगा। 59 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी मिल गई है। यह निर्माण कार्य नयानोहरा तक दोनों और किया जाएगा। सर्विस रोड के निर्माण के साथ ही लाइटिंग, ट्रैफिक साइनेज, मेटल बिम क्रेस बैरियर, नालियों और जंक्शन सुधार के काम भी होंगे।

### हादसों में आएगी कमी

एनएच-27 के कोटा बाइपास के दोनों और आबादी क्षेत्र बढ़ रहा है। सर्विस रोड न होने से सड़क हादसें की आशंका बनी रही थी। सर्विस रोड के बन जाने से आसपास के बसे लोगों और क्षेत्रीय किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़क हादसों में कमी आएगी। स्थानीय लोगों की ओर से कुछ समय पहले सर्विस रोड बनाने की मांग को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन दिया गया था। अब एनएचएआई ने इस सर्विस रोड बनाने की स्वीकृति जारी कर दी है।

# मानहानि मामले में न्यायालय ने दोषी पाएं जाने पर अभियुक्त दम्पत्ति समेत तीन के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया

### अभद्रता, लड़ाई झगड़ा करने व धमकी देने का मामला

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-2 उत्तर की न्यायाधीश ने एक पत्रकार के साथ अभद्रता व लड़ाई झगड़ा करने के मामले में पेश इस्तगासे पर सुनवाई करने के बाद अभियुक्त दम्पत्ति समेत तीन को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है।

विज्ञाननगर निवासी परिवादी जगदीश ने अपने अधिवक्ता लोकेश कुमार सैनी के जरिए न्यायालय में अभियुक्त नीरज कश्यव व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप, तत्कालीन एएसपी शहर प्रवीण जैन, विज्ञान नगर थाने के तत्कालीन थानाधिकारी दैवेश भारद्वाज व थाने के तत्कालीन व एएसआई अमरचंद के खिलाफ न्यायालय में इस्तगासा पेश किया था। जिसमें उसने कहा था कि उसके पड़ौस में रहने वाले नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप उसके खिलाफ आसपास के लोगों से अर्नगल बाते करते है। उसे फर्जी पत्रकार व पागल कहते है। समझाने पर दोनों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया। जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने 16 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रवीण जैन को दी। शिकायत पर उसके बयान थाने के विशाल पुनिया कांस्टेबल ने दर्ज किए। जिस पर 18 अक्टूबर पर अभियुक्त नीरज कश्यप को पुलिस ने विज्ञान नगर थाने में लाकर पाबंद किया था। अभियुक्त के लिखित मे माफी मांगने पर उसने शिकायत वापस ले ली थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप आसपास के लोगों, महिलाओं व बाईयों को भड़का रही है। प्रतीभा के यहां पर काम करने वाली बाई संतोष भी उसके कहने से उसके खिलाफ आसपास के लोगों को भड़का रही है। उसकी मानहानि कर रही है। जिसकी शिकायत उसने 16 जनवरी 2023 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण जैन को दी। शिकायत की जांच थाने के तत्कालीन एएसआई अमरचंद ने की। एएसआई ने उसके 25 मार्च 2023 को बयान दर्ज किए। लेकिन एएसआई ने गवाहों के बयान दर्ज नही किए । ना ही किसी प्रकार की कोई जांच की व परिवादी की उपस्थिति में मौका नही देखा।

एएसआई ने 19 जून 2023 को अपनी गलत रिपोर्ट बनाकर एडीएम सिटी में पेश कर दी। जिसमें कहा गया कि अभियुक्तों के खिलाफ कोई मामला बनना नहीं पाया गया। अभियुक्त एएसआई अमरचंद ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अभियुक्त नीरज कश्यव व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप को लाभ पहुंचाया। उनके खिलाफ आपराधिक कृत्य को छिपाया है। न्यायालय ने इस्तगासे पर सुनवाई करने क बाद अभियुक्त नीरज कश्यप उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप व संतोष बाई को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। न्यायालय ने तीनो अभियुक्तों को पांच-पांच हजार रुपए जमानती वारंट से 1 मार्च को तलब किया है।

## सीएसआर फण्ड के विकास कार्यों का लोकार्पण



**जननायक संवाददाता**

कोटा। विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि औद्योगिक संस्थाएं सीएसआर फण्ड से समाजहित में कार्य करवाकर सामाजिक सरोकार निभा रही हैं और मुझे विश्वास है कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकारों के विकासोन्मुखी कार्यक्रमों से जिस गति से उद्योग धंधों का विकास हो रहा है, इसी अनुपात में सीएसआर फण्ड से समाज को भी लाभ मिलेगा। मंगलवार को राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस की ओर से सीएसआर के तहत कोटा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कराए गये सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कोटावासियों से आग्रह किया है कि घरेलू पाइपलाइन गैस सुविधा से जुड़कर ग्रीन एनर्जी की तरफ कदम बढाएं।

आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल की ओर से 25 लाख रुपए से अधिक लागत से कोटा की 6 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य करवाये गऐ हैं।

महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नयन गौतम, डीजीएम सीपी चौधरी, समग्र शिक्षा अभियान के रुपेश कुमार सिंह, आईसीडीएस के आलोक शर्मा, आरएसजीएल के डीजीएम प्रोजेक्ट्स आनन्द आर्य, राजकीय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल केशवपुर की प्राचार्य डॉ. वैदेही गौतम, प्यूर इण्डिया ट्रस्ट के निशांत दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## देशी कट्टा लेकर घूमते बदमाश गिरफ्तार

**कोटा।** कोतवाली थाना पुलिस ने वारदात करने की नीयत से देशी कट्टा लेकर घूमते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।



एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शहर में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान कोतवाली थानाधिकारी महेश कुमार कारवाल मंगलवार को पुलिस जाप्ते के साथ गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबीर से सूचना मिली कि प्रताप चौक लाडपुरा में बदमाश वारदात करने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलने पर थानाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बदमाश लाडपुरा निवासी कपिल हरित (28) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस आरोपी से हथियार की खरीद फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## अजय वाल्मीकि हत्याकांड के फरार दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

### एक नाबालिग को भी किया निरूद्ध

**कोटा।** महावीर नगर थाना पुलिस ने अजय वाल्मीकि हत्याकांड के फरार दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया है।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 30 दिसम्बर 2023 को हरिओम नगर बस्ती निवासी फरियादी शक्ति वाल्मीकि ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 29 दिसम्बर को रात को 9.30 बजे पप्पू वाल्मीकि, विशाल डागोरिया, भरत डागोरिया, चंदू साहरवान, सोनू वाल्मीकि व 8-10 अन्य लोगों ने मिलकर हरिओम नगर व वीर सावरकर नगर के बीच वाली गली में उसके भाई अजय वाल्मीकि, गीता बाई व वैभव गौतम उर्फ लक्की पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में उसके भाई अजय की मौत हो गई थी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के



खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। इस हत्याकांड के दो आरोपी विशाल कुमार व चंदू साहरवान घटना के बाद से फरार चल रहे थे। दोनों की गिरफ्तार पर दो-दो हजार का ईनाम घोषित किय गया था। दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए थानाधिकारी रमेश कविया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। पुलिस ने टीम ने अनुसंधान के दौरान फरार दोनों आरोपियों हरिओम नगर निवासी विशाल कुमार (26) व चंदू साहरवान (20) को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में लिप्त एक नाबालिग को भी पुलिस ने निरूद्ध किया है। इस हत्याकांड के दो आरोपियों पप्पू वाल्मीकि व विष्णु वाल्मीकि को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## दीगोद-श्योपुर और कोटा-नीमच-अजमेर लाइन को बजट की उम्मीद, राजगंजमंडी-भोपाल का भी बढ़ेगा बजट

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** एक फरवरी को आम बजट के साथ रेल बजट भी आएगा। हर साल की तरह इस बजट से भी कोटा मंडल को बहुत उम्मीदें है। पिछले बजट में कोटा मंडल और आसपास की रेल परियोजना के लिए फरवरी में आए अंतिम बजट में बड़ी राशि का प्रावधान किया गया था। लेकिन अगस्त में आए अंतरिम बजट में लगभग सभी परियोजनाओं से इस राशि का बड़ा हिस्सा काट लिया गया था। उम्मीद है इस बजट में काटी गई राशि के अलावा भी बजट बढ़ेगा।

### दीगोद-श्योपुर

पिछले करीब 14 सालों से स्वीकृत दीगोद-श्योपुर बड़ी रेल लाइन का काम भी इस साल शुरू होने की उम्मीद है। इस रेल लाइन पर करीब एक हजार करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है। कोटा के बाद इस लाइन पर दीगोद, सुल्तानपुर, बड़ौद, दौलतपुरा, गणेशगंज, पीपल्दा, उजाड़, कानपुर, खेड़ा तथा उम्मेदपुरा शामिल हैं।

इस लाइन के लिए नई डीपीआर तैयार की गई है। इसमें इस रेलखंड की दूरी 100 किलोमीटर की गई है। पहले यह दूरी 104 किलोमीटर थी। माना जा रहा है कि 2025 में काम शुरू होने के बाद 2028 में इस रेलखंड पर ट्रेन दौड़ सकती है। इस लाइन का काम पूरा होते ही कोटा से ग्वालियर के लिए सीधी ट्रेन मिल सकेगी।

### रामगंजमंडी-भोपाल नई लाइन

रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन के लिए इस बजट में बढ़ोतरी की उम्मीद है। पिछले बजट में 262 किलोमीटर की इस लाइन के लिए 650 करोड़ रुपए मिले थे। लेकिन अंतिम बजट में इसमें से 128 करोड़ रुपए (20 प्रतिशत) की कटौती की गई थी। गौरतलब है कि रामगंजमंडी-भोपाल रेल परियोजना को इसी साल दिसंबर तक पूरी करने का लक्ष्य है।

पिछले करीब 20 सालों से रेंग रही इस परियोजना में से अभी तक रामगंजमंडी से नयागांव तक काम पूरा हो चुका है। नयागांव के बाद खिलचीपुर, राजगढ नृहसिंहपुरा तथा ब्यावरा तक काम तेजी से चल रहा है। ब्यावरा तक से नया गांव तक करीब 65 किलोमीटर का काम बाकी है। इसके आगे का करीब 111 किलोमीटर का काम भोपाल मंडल कहा रहा है।

## अखिल भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** रिद्धि सिद्धि जैन मंदिर, कुन्हाड़ी चंद्रप्रभु मंदिर परिसर में गुरू सेवा संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के पहले दिन 628 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया।

पूज्य आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज व नवाचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में दमोह के सुप्रसिद्ध वैद्य रोहित भैया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर का उद्घाटन भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया। कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने बताया कि शिविर में डॉ. वैभव जैन और डॉ. मियलेश जैन की विशेष उपस्थिति में मरीजों को देखा। शिविर में शुगर, हृदय रोग, घुटने-कमर दर्द, चर्म रोग, लीवर रोग, माइग्रेन, किडनी समस्या, टाइफाइड, पोलियो, साइनस और निःसंतान जैसी समस्याओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि शिविर 30 जनवरी को भी प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

**रुके** कामों को दोबारा शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। घर की व्यवस्था में बदलाव करते समय अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपकी मुश्किलों को काम करेगा।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

**मानसिक** सुकून और शांति रखने के लिए व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय अपने मन मुताबिक कामों के लिए निकालें विचार-विमर्श करने से संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड़ छ, के, को, हा

**अनुभवी** व्यक्ति के मार्गदर्शन में आपके रुके काम पूरे होंगे। इससे आपकी कार्य क्षमता बढ़ेगी। संतान के करियर संबंधी समाचार मिलने से घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

**आज** का निवेश भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा। प्रॉपर्टी या व्हीकल खरीदने के लिए अच्छा समय है। कुछ समय अपनी दिलचस्पी वाले कामों में बीताएं।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

**मन** मुताबिक दिन बीतेगा मार्गदर्शन मिलेगा सामाजिक संपर्कों के माध्यम से कोई खास समाचार मिलेगा। परिवार के साथ किसी समारोह में जाने का अवसर प्राप्त होगा।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

**आज** किसी करीबी इंसान से मुलाकात होगी। विचारों के आदान-प्रदान से समस्याओं का हल मिलेगा। कोई भी काम करने से पहले उससे संबंधित जानकारी लें।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

**ग्रह** स्थिति और भाग्य आपका सहयोग कर रहे हैं। फोन कॉल के माध्यम से शुभ सूचना मिलेगी विद्यार्थियों को किसी इंटरव्यू या प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

**अपने** लक्ष्य पर फोकस रहें। घर का माहौल अनुशासित रहेगा। दूसरों की मदद करेंगे। उनकी समस्याओं का समाधान निकालने में आपका विशेष योगदान रहेगा।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ड़ा

**ग्रह** स्थिति और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कोई योजना अच्छी तरह क्रियान्वित होगी घर में संबंधियों के आगमन से प्रसन्नता मिलेगी फाइनेंस संबंधी कामों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

**दिनचर्या** में व्यस्तता रहेगी। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदारी की योजनाएं बनेंगी। इससे आत्मबल और सुकून बढ़ेगा। ससुराल के साथ संबंध सुधरेंगे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

**अपनी** कार्य क्षमता पर पूर्ण विश्वास रखें। दिल के बजाय दिमाग से फैसले लें। परिवार के लिए समय निकाल लेंगे शाम को मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची

आप बुद्धिमत्ता और होशियारी से सभी काम कर लेंगे। विद्यार्थी व्यर्थ की बातों से ध्यान हटाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। रिश्तेदारों से चल रहे पुराने मतभेद खत्म हो जाएंगे पैसा आने के साथ खर्चे की स्थितियां भी बनेंगी।

## आप गरीबों के मसीहा, ओएसडी आपकी साफ छवि पर दाग

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** सांगोद से पूर्व विधायक व कद्दावर कांग्रेसी नेता भरत सिंह की पार्टी सत्ता में हो या विपक्ष में, वो सरकार का हिस्सा हो या आमजन का उनके लिखे पत्रों को गंभीरता से लिया जाता हो या नहीं। लेकिन वो निरंतर अपने पत्रों के माध्यम से सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने बगैर नाम लिखे लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है जिसमें किसी का भी नाम लिखे बगैर ओएसडी की छवि को दागी बताया है।



कांग्रेस जब सत्ता में थी तो कभी गोडावण, कभी खान की झोपड़िया तो कभी अपनी ही सरकार में मंत्री के खिलाफ अदावत। अब सत्ता नहीं है लेकिन भरत सिंह का पत्र लिखना निरंतर जारी है। उन्होंने 29 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को वर्ष 2025 की बधाई देते हुए लिखा कि आप हमारे सासंद हैं, देश की शान हैं। आगे लिखा कि एक ईमानदार, दानवीर, गरीबों के मसीहा सभी गुण आप में है। वो आगे लिखते हैं कि एक ईमानदार सांसद का ओएसडी भ्रष्ट व दागी हो तो यह आपकी साफ छवि पर दाग है। ईमानदार पुलिस अधिकारी व कर्मचारी परेशान हैं। खाकी के दागी की ही चांदी हो रही है।

वो लिखते हैं कि कृपया सावधान रहें, आपकी साफ इवि पर दाग न लगे इसके लिए समय रहते आपकों सचेत कर रहा हूं। इससे पहले जिले के एक बड़े अधिकारी पर उन्होंने तंज कसते हुए पत्र आम लोगों के नाम जारी किया था। भरत सिंह के लिखे पत्रों पर अमल कितना होता है यह तो नहीं पता लेकिन उनके लिखे पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वाइरल होते हैं।

## कोटा व हनोतिया में विद्यार्थियों को गर्म जर्सी वितरित



पुलिस लाइन स्कूल कोटा में जर्सी पाकर बैठे विद्यार्थी।

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन कोटा व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हनोतिया में सामाजिक संस्थाओं ने स्कूली छात्र छात्राओं को गर्म वस्त्रों का वितरण किया।

कोटा यूथ सोसायटी ने बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयए ग्राम हनोतिया में 142 गर्म जर्सी का वितरण किया। यह पहल सर्दी से बचाव के लिए की गई। ताकि गरीब और असहाय वर्ग से आने वाले बच्चों को मदद मिल सके।

इस अवसर पर रोली पांडेय ने बताया कि ये बच्चे ऐसे परिवारों से आते हैंए जहां माता-पिता दैनिक मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। उनका सपना है कि उनके बच्चे पढ़ाई कर आगे बढ़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। गर्म जर्सी पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन कोटा में भी सामाजिक संस्था ने करीब 50 छात्र छात्राओं को जर्सियों का वितरण किया। इस दौरान प्रधानाचार्या निधि गांधी सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## सीईओ ने अलनिया पंचायत में तलाई खुदाई कार्य का किया निरीक्षण



**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत चल रहे कार्यों का जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी राजपाल सिंह ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होनें ग्राम पंचायत अलनिया में तलाई खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मस्टररोल की जांच की। जिसमें दर्ज सभी 130 नरेगा श्रमिक मौके पर मौजूद मिले। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने श्रमिकों से संवाद किया। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के निर्देशानुसार श्रमिकों को जिले में प्रगतिरत कार्यो की औसत मजदूरी पूरी मिले और वह अपनी टास्क पूरी करें। इस पर ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें जिससे कि ग्रामीण परिवार योजना से अधिक से अधिक लाभांवित हो सके।

इस दौरान उन्होनें वृद्धा एवं विधवा महिलाओं से सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के तहत पेंशन संबंधित जानकारी ली। साथ ही पालनहार योजना की पात्र लाभार्थियों से भी चर्चा की। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए नरेगा श्रमिकों द्वारा नरेगा योजना चलाकर हर हाथ को काम और गांव का विकास करने पर योजना से ओतप्रोत गीत के साथ नृत्य किया गया।

## युवक ने फंदा लगाकर व युवती ने जहर खाकर जान दी

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक युवक ने फंदा लगाकर व युवती ने जहर खाकर जान दे दी।

रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने बताया कि दुर्गा नगर निवासी राहुल (40) ने घर पर फंदा लगा लिया। परिजनों को पता चलने पर वह उसे फंदे से उतार कर एमबीएस अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोर्चरी पर मृतक के परिजनों ने बताया कि वह प्राईवेट कार्य करता था। उसने दूसरी शादी कर रखी थी। उसके पहली पत्नी से एक बच्चा है। दूसरी पत्नी से दो बच्चे है। वह दिन में घर पर अकेला था। उसकी मां घर पर नही थी। जब वह घर पर आई। राहुल फंदे पर झूल रहा था। अंता थाना क्षेत्र में खजूरना निवासी ज्योति (27) ने घर पर अज्ञात जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। युवती के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक ने जहर खाया

हिण्डोली थाना क्षेत्र में बड़ोदिया निवासी मनोज (30) ने घर पर अज्ञात जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

## राज्य उपभोक्ता आयोग सर्किट बैंच के न्यायिक सदस्य को भावभीनी विदाई

**कोटा।** राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य व पूर्व न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार जैन व सदस्य रामफूल गुर्जर को जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम व पूर्व सदस्य हेमेन्द्र नारायण त्रिवेदी एवं स्टॉफ ने पूर्ण कार्यकाल होने पर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर जिला आयोग ने सदस्यगणों को गुलदस्ते, फूल माला व स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह में अजयकुमार, नरेंद्र कुमार, विष्णु गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, रमेश गौतम, दुर्गाशंकर नामा, एकता सक्सेना, संगीता सामरिया, गोपाललाल, प्रभुलाल, ब्रजेश गौतम, शैतान सिंह उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों की माताओं को करेंगे 'जीजामाता सम्मान' से अलंकृत

### क्रीड़ा भारती का प्रांत सम्मेलन 2 फरवरी को

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** क्रीड़ा भारती चित्तौड़ प्रांत का प्रांत सम्मेलन 2 फरवरी को सुबह श्रीरामशांताय सभागार महावीर नगर तृतीय में आयोजित किया जाएगा।



क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री बालमुकुंद यादव ने बताया कि सम्मेलन में सभी जिलों के संगठन के सदस्य, पदाधिकारी, क्रीड़ा केंद्रों के खिलाड़ी, उत्कृष्ट खिलाड़ी, प्रशिक्षक, विभिन्न खेल संघों, अकादमी, जिम एवं योग संस्थाओं से जुड़े हुए खिलाड़ी एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रांत मातृशक्ति सह प्रमुख सोनिया राठौड़ ने बताया कि प्रांत सम्मेलन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के साथ-साथ उनकी माता को भी 'जीजा माता सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान मलखंब, योग, हत्था माला, मल्लयुद्ध, रस्साकसी, तलवारबाजी के साथ ही अन्य स्वदेशी खेलों और अखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा।

कोटा महानगर के अध्यक्ष अभयवीर सिंह तोमर ने बताया कि 2 फरवरी को सुबह 11.30 बजे सम्मेलन का उद्घाटन होगा। वहीं 1.45 पर खेल सत्र और 2.30 बजे समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों से खिलाड़ी एवं पदाधिकारी पहुंचेंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष नंदकिशोर पांडे, कार्यालय प्रमुख विनोद वर्मा भी मौजूद रहे।

## जीआरपी ने पकड़ा डोडा चूरा सप्लायर

**जननायक संवाददाता**

**कोटा।** जीआरपी ने एक डोडा चूरा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

थानाधिकारी अशोक सैनी ने बताया कि जीआरपी ने करीब एक साल पहले अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इन आरोपियों ने यह डोडा चूरा मध्यप्रदेश निवासी गोपाल से लाना बताया था। तब से जीआरपी गोपाल को को तलाश रही थी। मुखबीर की सूचना पर जीआरपी ने गोपाल को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।


SRG HOUSING FINANCE LIMITED

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए "मांग पत्र" जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे सांकेतिक कब्ज़ा पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चो, अन्य खर्चो आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR0000000005487 श्री लक्ष्मन लोढ़ा पुत्र श्री परमानंद लोढ़ा (ऋणी) श्री अजित लोढ़ा पुत्र श्री लक्ष्मण लोढ़ा (सह-ऋणी-1) श्री जीतेन्द्र लोढ़ा पुत्र श्री लक्ष्मण लोढ़ा (सह-ऋणी-2) श्रीमती आशा देवी पत्नी श्रीमान अजित लोढ़ा (सह-ऋणी-3) श्री हरचंद लोढ़ा पुत्र श्री घासी लाल लोढ़ा (जमानती-1) श्री पूरण मल लोढ़ा पुत्र श्री भंवर लाल लोढ़ा (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक - सितम्बर 09, 2023 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक - जनवरी 24, 2025 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार - ₹ 3,46,730/- रुपये तीन लाख छियालीस हजार सात सौ तीस मात्र दिनांक अगस्त 14, 2023 तक एवं अगस्त 15, 2023 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री लक्षमन लोढ़ा पुत्र श्री परमानंद लोढ़ा की सम्पति जो की पट्टा नं.-34, ग्राम पंचायत-दबलाना, पंचायत समिति-हिंडोली, तहसील-हिंडोली, जिला-बूंदी (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 750 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-चित्तर लाल का मकान, पश्चिम-सड़क, उत्तर- शंकर लाल लोढ़ा का मकान, दक्षिण - सड़क |

स्थान- राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 30/01/2025

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## जागृति आंगन कार्यक्रम के तृतिय चरण में दी भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति



**जननायक संवाददाता @ मंडाना।** राउमावि, मंडाना में जागृति आंगन कार्यक्रम का तृतीय चरण आयोजित किया गया। ब्लॉक सांगोद के 60 छात्र व प्रभारी शिक्षकों ने आयोजन में भाग लिया। समारोह की शुरुआत में मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन प्रधानाचार्य सुलक्षणा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में एसीबीईओ तपेश विजयवर्गीय, रूपनारायण मालव पीईईओ मांदलिया, शशि चौधरी हॉस्टल वार्डन, गुलाबचंद रांका एसडीएमसी सदस्य, यशवंत श्रृंगी अध्यापक हीरापुर, मंडाना थाना से मुकेश स्वामी हेड कांस्टेबल, पदमा शर्मा एसडीएमसी सदस्य उपस्थित रहे। वार्ताकार कमल सिंह राजावत ने साइबर क्राइम पर वार्ता प्रस्तुत की। भरतनाट्यम नृत्यांगना ने मोहक प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य सुलक्षणा कुमारी ने प्रतिवेदन पढ़ा व सभी का आभार व्यक्त किया।

## थानाधिकारी ने की वाहन चालकों से समझाइश



**जननायक संवाददाता @ अयाना।** प्रदेश भर में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत पुलिस ने मंगलवार को थाने के सामने से गुजर रहे वाहन चालकों के साथ समझाईश की। इस मौके पर अयाना थानाधिकारी उम्मेद सिंह यादव ने बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट नहीं लगाने जाने पर फूल देकर समझाइश की तथा भविष्य में बिना हेलमेट के पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी। थानाधिकारी उम्मेद सिंह ने बताया कि फिलहाल समझाइश की जा रही है। बाद में कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



**जननायक संवाददाता @ सांगोद।** राउप्रावि हनोतिया में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीबीईओ तपेश विजयवर्गीय ने की। बालकों ने कई मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। शारीरिक शिक्षक सरफराज खान ने बताया कि इस अवसर पर विकास सैनी ने सभी बालकों को जर्सियां वितरित की। साथ ही विद्यालय को एक कंप्यूटर देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम मांदलिया के सरपंच भारत सिंह और पीईईओ रुपनारायण मालव रहे। अतिथि के रुप में सुरेश कुमार त्यागी, अंजू शर्मा, चेतन श्रृंगी, कल्पना राजावत, अनीता चोरसिया, सुनीता भड़ाना, रणजीत कोर, ज्योति मंगल, सुरेंद्र कुमार तंवर ने सहयोग किया। संचालन प्रधानाध्यापिका बीना वैष्णव ने किया।

## टेबलेट पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे



**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** उपखंड क्षेत्र देई के राबाउमावि में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय में टॉपर रही छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं लेपटॉप देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक मुकेश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी। स्कूल प्रधानाचार्य राजन छाबड़ा, उप प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल मीना रहे, अध्यक्षता संजय जैन, विशिष्ट अतिथि शिवजी लाल मीना, दीपिका जिंदल, पिंकी सेन, असलम हुसैन गोरी, जितेश जिंदल रहे। संचालन गणेश गोपाल गौतम ने किया ।

## मृत पशुधन के अन्तिम संस्कार की व्यवस्था की मांग

**जननायक संवाददाता @ करवर।** तलवास क्षेत्र में कृषि कार्य के साथ साथ पशुपालन भी व्यापक स्तर पर होता है। पशुधन एवं अन्य जीव जन्तुओं के मृत स्थल से उठाकर अन्तिम संस्कार की उचित व्यवस्था के लिए मंत्री, पशुपालन, डेयरी गो पालन, देवस्थान विभाग तथा निदेशक, राज्य जीव कल्याण बोर्ड को पत्र लिखकर समाधान करवाने की मांग पत्र के माध्यम से की है। मूलचंद शर्मा ने पूर्व में भी पत्र के माध्यम से मृत पशुओं के अन्तिम संस्कार में उत्पन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। शर्मा ने बताया कि मृत जानवरों को वाहन के पीछे बांध कर सड़क के रास्ते घसीटते हुए ले जाना पशुओं के साथ क्रूरता की श्रेणी में आता है।

## श्रीमद भागवत कथा आज से

**जननायक संवाददाता @ अयाना।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वावधान में गुरुवार से कस्बे के शगुन मेरिज गार्डन में श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमें काशी उत्तर प्रदेश के अखिलेश तिवारी कथावाचन करेंगे। इससे पूर्व स्थानीय दूधाधारी वाटिका से मंगल कलशयात्रा का जुलूस शुरू होकर कथास्थल तक पहुंचेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय जागरण के तहत सोमवार को दीप महायज्ञ का आयोजन भी होगा।

## छत का प्लास्तर गिरने के मामले में कनिष्ठ अभियंता और ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** खजूरी पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय फटूकड़ा में छत का प्लास्तर गिरने से घायल हुए पांच मासूम की घटना को लेकर सीईओ रवि वर्मा ने एक्शन लेते हुए प्रकरण में दोषी पाए गए कनिष्ठ अभियंता मंदराज नागर, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी रामप्रकाश नागर को निलंबित किया। साथ ही सरपंच, सहायक अभियंता रामराज मीना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## केशव मन्दिर मार्ग की जर्जर सड़क सहित कई मुद्दों पर प्रदर्शन आज

**केशवरायपाटन।** पार्षद तुषार शर्मा के नेतृत्व में नगरपालिका की अव्यवस्थाएं, केशव मन्दिर मार्ग, मुख्य सड़क की जर्जर अवस्था, सफाई व्यवस्था भंग प्रशासनिक कार्य नहीं होने, उक्त विषय में लगातार बार-बार अवगत करवाने पर भी नजर अन्दाज कर रहे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाया जायेगा।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**जननायक संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बीसीएमओ सुल्तानपुर डॉ. राजेश सामर ने बताया कि ब्लॉक सुल्तानपुर की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें जिला स्तरीय सभी अधिकारी एवं ब्लॉक स्तर के सभी पीएचसी, सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एलएचवी, एएनएम, सीएचओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट आदि ने भाग लिया। सीएमएचओ डॉ. नागर ने सभी चिकित्सा प्रभारी को निर्देशित किया कि आने वाले समय में जितनी भी पेंडेंसी है। उसको तुरंत प्रभाव से दुरस्त करवाए एवं राज्य सरकार की जितनी भी फ्लैगशिप योजनाएं हैं। उनको सुचारु ढंग से चलाने के लिए कहा। सीएमएचओ डॉ. नागर ने सीएचसी पर बीपी एचयू एवं नसबंदी शिविर का भी जायजा लिया। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसएन मीणा ने टीबी मुक्त भारत के तहत चलाए जा रहे सौ दिवसीय कैंपेन में बलगम जांच की संख्या बढ़ाने एवं वनरेबेल पापुलेशन का ज्यादा से ज्यादा एक्स रे करवाने के लिए जोर दिया गया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंघल ने परिवार कल्याण के लक्ष्य को पूर्ण करने पर जोर दिया गया। डॉ. घनश्याम मीणा ने मौसमी बीमारियों को लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा।

डॉ. सिंघल ने आभा आईडी में तेजी लाने एवं ई केवाईसी करने के साथ-साथ 70 वर्ष से ऊपर वाले वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में क्षय रोग कंसलटेंट डॉ. मानवेंद्र सिंह, डॉ. श्याम मालव, डॉ. सुनीता, डॉ. यादवेंद्र शर्मा, डॉ. हेमंत गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. मनन गौड़, डॉ. रघुराज मीणा, डॉ. संतोष नागर, मुकेश राठौर, बीपीएम राजेश चौंकनीवाल, बीएनओ चेतन सैनी मौजूद रहे।





बैठक में कार्मिकों को जानकारी प्रदान करते चिकित्सा अधिकारी ।

## डॉ. नागर ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण



**जननायक संवाददाता**

**खातौली।** सीएचसी खातौली के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश बेवर ने बताया कि बुधवार को कोटा के नये सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने सीएचसी का औचक निरिक्षण किया। जिसमें उन्होंने साफ-सफाई, रिकॉर्ड का गहन निरीक्षण किया एवं मरीजों से चिकित्सालय में मिलने वाली सेवाओं का फीडबैक लिया। जिससे वो संतुष्ट नजर आये। वहीं सफाई कार्मिकों का माला पहना कर भविष्य में भी संस्था को साफ रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर नरेंद्र वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल मालव, डॉ.उषा यादव, डॉ. कविता मीणा, नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित था।

''शिकायतें मिल रही थी खातौली चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सक सरकारी पर्ची पर प्राइवेट दवाइयां लिख रहे थे। उनको पाबंद करके आया हूं। जो भी मेडिसिन कमी है, उनकी पूर्ति की जाएगी। इसके बावजूद प्राइवेट दवाइयां लिखी गई तो ठोस कार्यवाही की जाएगी। ''

**नरेंद्र नागर,** सीएमचओ, कोटा

## रैन बसेरों का किया निरीक्षण

**जननायक संवाददाता**

**बूंदी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने जिला मुख्यालय पर स्थित रैन बसेरा देवपुरा, रैन बसेरा लंका गेट व रैन बसेरा छत्रपुरा का निरीक्षण किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि रैन बसेरों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं जैसे आवासियों के लिए रजाई, कम्बल, तकिया, पीने योग्य पानी, सफाई व्यवस्था, महिलाओं व पुरूषों के लिए रहने की अलग-अलग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, प्राथमिक उपचार व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, रोग वाहक कीट नियंत्रण व्यवस्था, विशेष योग्यजन, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं की उपलब्धता व चिकित्सा व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने के लिए रैन बसेरे के प्रभारी अधिकारी, केयर टेकर को निर्देशित किया गया।

# स्टेट हाईवे बना जानलेवा, एक महीने में सात दुर्घटनाएं, 3 की गई जान

**जननायक संवाददाता**

**रामगंजमंडी।** कस्बे से सुकेत के बीच स्टेट हाईवे 9 बी का नव निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन सड़क पर ब्रेकर नहीं बनाने से दिनों-दिन राहगीरों के साथ दुर्घटनाएं बढ़ रही है। पिछले एक महीने में इस मार्ग पर सात दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें 3 लोगों की जान जा चुकी है। मंगलवार की देर रात को भी एक बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हुआ। केंद्रीय सड़क निधि योजना के तहत 6 महीने पहले बनी 6.5 किलोमीटर लंबी यह फोरलेन सड़क सुकेत से रामगंजमंडी पारसा माता चौराहे तक जाती है। भारी वाहनों की आवाजाही और तेज गति के कारण यह क्षेत्र दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बन गया है। सातलखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत ने कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग को लिखित में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्टेट हाईवे 9बी में पिछले एक महीने में सात दुर्घटनाएं हुई है। जिसमे से 2 दुर्घटनाओं में 3 राहगीरों की मौत हो चुकी है। ऐसे ही अन्य दुर्घटनाएं रोजाना हो रही है।

सड़क निर्माण विभाग सहायक अभियंता श्याम बिहारी मालव ने बताया कि रामगंजमंडी से सुकेत फोरलेन सड़क निर्माण पूरा हो चुका है। जहां-जहां दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र है। उनका सर्वे किया जा रहा है। हालांकि सड़क निर्माण में ब्रेकर का प्रवधान नहीं है। फिर भी स्थानीय पुलिस और विभागीय सहयोग से ब्रेकर बनाएं जायेंगे। ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।





स्टेट हाईवे जो दुर्घटनाओं का सबब बना हुआ है।

## अंकित मारवाड़ा बने महोत्सव संयोजक



**जननायक संवाददाता**

**नैनवां।** शहर के श्रीअगढ़ के बालाजी परिसर में वीर हनुमान सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष अटल सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया तथा हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर अंकित मारवाड़ा को संयोजक बनाया गया। बैठक में सदस्यों ने नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान अटल सोनी, पुखराज ओसवाल, भवानी सिंह सोलंकी, अशोक साहू, बबलू साहू, महावीर प्रसाद गौतम सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कारागृह का किया निरीक्षण



**जननायक संवाददाता**

**बूंदी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष अजय शुक्ला द्वारा जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सीसीटीवी विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। जिला कारागृह में विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व बन्दियों के विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा, जिला कारागृह जेलर रविन्द्र कुमार व चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेन्द्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## गांवों में बंद का किया समर्थन



**जननायक संवाददाता**

**करवर/नैनवां।** किसान महा पंचायत के बंद का करवर उप तहसील क्षेत्र के गांवों में समर्थन किया। बुधवार दोपहर उपतहसील कार्यालय पर बड़ी संख्या में किसान इकट्ठे हुए हैं। जहां पर नायब तहसीलदार को जिला कलक्टर के नाम 10 सूत्री मांगें रखी। जिसमें हर खेत को पानी, फसल के वाजिब दाम सहित न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाने, हर खेत तक पानी पहुंचाने की योजना बनाने, खरीफ 2023, रबी 2023, खरीफ 2024 का बकाया प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम तुरंत प्रभाव से जारी करने, सरकार द्वारा आदान अनुदान योजना के तहत 2022 में वंचित किसानों को पोर्टल खोलकर राशि डालने सहित कई मांगे रखी। ज्ञापन से पूर्व किसानों ने उपतहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

इस दौरान शाबू लाल मीणा, सत्यनारायण नागर, राजेंद्र नागर, रामप्रकाश नागर, दिनेश गुर्जर, खेलराम मीणा, रामकल्याण सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ठेकेदार की लापरवाही ग्राम पंचायत की ना समझी जाए

**जननायक संवाददाता**

**इटावा।** ग्राम विकास अधिकारी संघ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कोटा जिले में इटावा सहित समस्त ब्लॉकों में विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। पंचायतराज में स्वच्छता टेंडर में पारदर्शिता रखने के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया गया।ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह गांधी ने बताया कि जिन ठेकेदारों ने टेंडर लिया, वे नियमित सफाई नहीं करवा रहे है। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारियों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो क्योंकि टेंडर प्रक्रिया में चयनित पंचायत में टेंडर होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा। सफाई नहीं होने से दबाव पंचायत पर आ रहा है। जिसको विभागीय मंत्री ग्राम पंचायत की लापरवाही समझ रहे हैं। जबकि यह लापरवाही ठेकेदारों की है। इसलिए इसका निराकरण किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र गोचर, अमित मीणा, बाबूलाल प्रजापति, संजय बैरवा, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गोचर सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आज

**बूंदी।** जिला बाल संरक्षण इकाई (बाल संरक्षण सेवाएं) की (अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024) त्रैमासिक समीक्षा बैठक 30 जनवरी को शाम 5.30 बजे जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रखी गई है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता एवं पदेन प्रभारी जिला बाल संरक्षण इकाई हुकमचन्द जाजोरिया ने बताया कि बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक आज

**बूंदी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 30 जनवरी को सुबह 10.30 बजे जिला कलक्टर के कक्ष में रखी गई थी। बैठक के समय में परिवर्तन कर अब दोपहर 1 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में रखी गई है।

## उप जिला अस्पताल बनाने की मांग



**जननायक संवाददाता**

**सांगोद।** सांगोद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में चिकित्सा प्रभारी डॉ. रविकांत मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। असरार अहमद, राजेन्द्र गहलोत, सलीम अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कोटा जिला के सांगोद, रामगजमंडी व इटावा के स्वास्थ्य केंद्रों को क्रमोन्नत कर उप जिला अस्पताल की घोषणा की गई थी। जिसमें सांगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत कर उप जिला अस्पताल घोषित होने के बावजूद अभी तक स्वीकृत पदों पर किसी को पदस्थापन नहीं किया गया। इसलिए जल्द ही मैपिंग करवाकर उक्त पदों को भरवाए जावे। सांगोद स्वास्थ्य केंद्र में कई महीनों से महिला चिकित्सक भी नहीं है। सोनोग्राफी मशीन भी कई महीनों से बंद पड़ी हुई है। ज्ञापन देने वालों में हेमंत नंदवाना, फूलचंद गोचर, मोहम्मद शरीफ, बृजराज मीणा, बशीर अहमद, सत्यनारायण, रमाकान्त कुशवाह, रफीक़, प्रदीप शर्मा, निसार पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कक्षा कक्ष निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने पर दिया नोटिस



कक्षा कक्ष निर्माण कार्य में मौके पर पड़े कच्चे पत्थर

**जननायक संवाददाता**

**नैनवां।** शहर के पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समसा द्वारा स्वीकृत कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य में घटिया सामग्री काम में लेने की सूचना मिलने पर सीबीईओ ओमप्रकाश बुनकर, जेईएन ओम प्रकाश नागर ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीबीईओ ने बताया कि निर्माण कार्य कच्चे पत्थर निर्माण कार्य में लिए जा रहे थे। ठेकेदार और एसडीएमसी अध्यक्ष को नीति जारी कर निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक कार्य करे। साथ उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया गया।

जेईएन ओम प्रकाश ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत शहर पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन कक्षा कक्ष में बरामदे के स्वीकृत हुए हैं । जिसका निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री काम लेने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को कच्चे पत्थर काम नहीं लेने के निर्देश दिए हैं।

# नवनियुक्त देहात जिलाध्यक्ष गोचर का किया स्वागत

**जननायक संवाददाता**

**इटावा।** भाजपा के नवनिर्वाचित कोटा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर के पुनः अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार इटावा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने इटावा शहर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने 21 किलो का फूलों का हार पहनाकर तथा मुख्य बाजार में जेसीबी से पुष्प वर्षा की और सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के विश्वास का ही परिणाम है कि पार्टी ने उनको एक बार फिर जिम्मेदारी देते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है। भाजपा की रीति और नीति से आमजन को लाभ पहुंचे इसके लिए आप और हम सब एक साथ मिलकर काम करेंगे। शहर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि गोचर के जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।



इटावा में देहात जिलाध्यक्ष गोचर को फूलमाला पहनाते कार्यकर्ता।



बड़ौद में देहात जिलाध्यक्ष गोचर का स्वागत करते हुए।

इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान रिंकू मीणा, चैनसुख मित्तल, विष्णु गोयल, एडवोकेट तौकीर आब्दी, सुखपाल गुर्जर, कालूलाल महावर, कौशल सोनी, कैलाशी बाई पंकज, देवकी परिहार, गायत्री सोनी, उमाशंकर बैरवा, रामपति बैरवा, प्रेम सोनी, रामावतार पंकज, पुरुषोत्तम मीणा, टीकम गुर्जर, जुगल प्रजापति, रिंकू सोनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कोटा रोड पर पार्षद रामपति बैरवा के नेतृत्व में गोचर को गुलदस्ता भेंट कर दुपट्टा पहनाकर कर मुंह मीठा कर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर उमाशंकर बैरवा, बजरंग लाल, रामलाल, रामगोपाल, सुरेन्द्र सुमन, धनराज, जोधराज गोचर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**बड़ौद।** कस्बे में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूसरी बार भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर प्रेम गोचर का स्वागत किया। इस मौके पर भारत भूषण यादव ने बताया कि गोचर हमेशा क्षेत्र में सतर्क रहते हैं। सब लोगों की पीड़ा सुनते हैं और उनका निवारण भी करते हैं। इस मौके पर अनुपम यादव, राजेंद्र स्वामी, मनोज नागर, दिनेश नागर, भगवान शर्मा, महेश गौतम, महेन्द्र नागर, बशीर मोहम्मद, रामचन्द्र सेन सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ जारी



**अंता।** युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व शांति एवं राष्ट्र जागरण के लिए अन्ता नगर में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया। 27 जनवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में रोजाना हजारों लोग आहुतियां प्रदान कर रहे हैं। गायत्री परिवार जिला कोटा समन्वयक हेमराज पांचाल व राधेश्याम पोटर ने बताया कि सोमवार के दिन एक हजार मंगल कलशों के साथ नगर में कलश यात्रा निकाली गयी थी। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक पण्डित सुनील शर्मा वह अन्य की अगुवाई में 28 को दिन में प्रातः देव आह्वान एवं देवपूजन के साथ महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने आहुतियां दी। बुधवार के दिन यज्ञ दीक्षा संस्कार के साथ शुरुआत हुई। इसके साथ ही पुंसवन, नामकरण व अन्नप्राशन संस्कार निःशुल्क कराए गए। वहीं सांय 5 बजे के समय एक हजार दीपकों की जगमग रोशनी के साथ दीपयज्ञ हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था में वरिष्ठ कार्यकर्ता राघवेंद्र सुनारिया, कौशल गालव, कालूलाल मालव, राधेश्याम नागर, हंसराज सुंवालका, लटूरलाल मेघवाल, ओमप्रकाश पांचाल, गिरिराज शर्मा, धनराज नागर बाबा सहित कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। गुरुवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

### नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत



**अंता।** एनएच 27 ठिकरिया पेट्रोल पंप स्थित निजी रेस्टोरेंट पर ठिकरिया सरपंच राजसिंह चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। सरपंच राजसिंह चौधरी ने बताया कि भाजपा के नवनियुक्त अंता मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना का साफा बांध, माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना और देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर युवा चेहरा है। जिनसे युवा वर्ग का काफी साथ मिलेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, अंता नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर काका, बजरंग लाल मालव, पलायथा सरपंच भंवर अनूप, कृष्ण अवतार मीणा, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया, राजकुमार नंदवाना, धनराज चौरसिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

### कचरा पात्रों व कपड़े के थेलों का वितरण




**छबड़ा।** कस्बे में कार्यवाहक ईओ के नेतृत्व में कचरा पात्रों व कपड़े के थेलों का वितरण कर उनकी उपयोगिता बताई गई। साथ ही शपथ दिलाई गई। कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को डस्टबीन व कपड़े के थेले वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि कस्बे की स्वच्छता और पर्यावरण के लिए सभी मिलकर काम करें। हमें घर का कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए। प्लास्टिक की थैली का इस्तेमाल न करे। उन्होंने कहा कि हमें अपने आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए। ताकि हम बीमारियों से बच सकें। उन्होंने कहा कि बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ में लेकर जाएं। इस अवसर पर रवि शर्मा, युसफ खान, मोहम्मद हनीफ, विजय यादव आदि कार्मिक साथ थे।

### किराएदारों से बकाया जमा करवाने के निर्देश

**झालावाड़।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति झालरापाटन के अधीन आने वाली दुकानों के किराएदारों के साथ पंचायत समिति सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर ने पंचायत समिति परिसर के बाहर एवं इसके अधीन आने वाली दुकानों में अपना व्यवसाय चला रहे किराएदारों से उनकी समस्याओं, पूर्व के बकाया किराए एवं दुकानों के किराए के पुर्ननिर्धारण के संबंध में चर्चा की। जिला कलक्टर ने करीब 50 दुकानदारों से उनकी दुकानों के लम्बे समय से बकाया चले आ रहे किराए को आगामी 28 फरवरी तक जमा कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व का किराया जमा होने के पश्चात् पंचायत समिति द्वारा बाजार दर का मूल्यांकन कर दुकानों के किराए का पुर्ननिर्धारण किया जाएगा।

इस संबंध में जिला कलक्टर ने पंस झालरापाटन के विकास अधिकारी महेश मीणा को निर्देशित किया कि वर्तमान में बकाया राशि एवं अगले एक माह में राशि जमा होने के बाद बकाया किराए का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें। बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, पंचायत समिति झालरापाटन की प्रधान भावना झाला सहित संबंधित दुकानदार उपस्थित रहे।

### हरिप्रसाद जिलाध्यक्ष नियुक्त



**बारां।** अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल ने हरिप्रसाद पंवार की मेहनत, लगन और समाज के प्रति उनके कार्यों को देखते हुए दूसरी बार अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा बारां जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। पंवार की नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष की लहर है। हर्ष व्यक्त करने वालों में छोटूलाल गोडाला, देवकीनंदन नरवाल, अशोक नरवाल, कालीचरण कंडारा, ओमप्रकाश भूमलिया, रमेशचंद लोहरा, संजय जसोना, भोटूलाल जसोना, अजय रोई, पप्पू धूलिया शामिल रहे। जिलाध्यक्ष पंवार व समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल का आभार व्यक्त किया है।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**छबड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का छबड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत गुगोर, कड़ैयावन एवं मुंडला के गांव आंचोली, कोटड़ी, दिलोद आदि गांवों में पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, पूजा.आरती स्वागत सत्कार किया गया। यात्रा के साथ की टोली ने राजकीय विद्यालय कोटड़ी के बच्चों का मार्गदर्शन किया। यात्रा का नेतृत्व गायत्री मंदिर के ट्रस्टी हरिओम सेन, तेजकरण गालव, पन्नालाल नागर एवं गणपत सिंह ने किया।

## अन्नपूर्णा रसोई, कस्तूरबा हॉस्टल, अस्पताल का किया निरीक्षण, किसानों से की वार्ता

# जिला कलक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



**बारां।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रहे। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने छीपाबड़ौद ब्लॉक के सारथल, हरनावदाशाहजी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई, राजीविका, अफीम की खेती, कस्तूरबा हॉस्टल, राउमा विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया।

**सारथल में अन्नपूर्णा रसोई और राजीविका परियोजना का निरीक्षण-** जिला कलक्टर ने सारथल में अन्नपूर्णा रसोई योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद उन्होंने राजीविका के तहत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

**हरनावदाशाहजी में अफीम की खेती का निरीक्षण-** जिला कलक्टर ने हरनावदा शाहजी में अफीम की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कृषि उत्पादन को लेकर चर्चा की। जिला कलक्टर ने किसानों को सरकारी योजनाओं और अनुदान की जानकारी दी।

अफीम उत्पादन से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। किसानों को नई तकनीकों और कृषि सुधारों से जोड़ा जाए। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेगा और कृषि क्षेत्र को और विकसित करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण-** इसके बाद जिला कलक्टर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचे। जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और उनके रहने-खाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से उनकी शिक्षा, सुरक्षा और छात्रावास की अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला कलक्टर ने हरनावदाशाहजी स्थित राउमावि में शिक्षा की गुणवत्ता, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण-** निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने हरनावदाशाहजी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल की सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सेवाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मरीजों को जल्द और बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। 108 एंबुलेंस सेवा को अधिक सक्रिय किया जाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाए और योजनाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**डग।** ग्राम पंचायत डग एवं जैन सोशल ग्रुप डग के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 31 जनवरी शुक्रवार को नई ग्राम पंचायत में आयोजित किया जाएगा। सरपंच राजेंद्र सिंह परिहार एवं प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार जैन ने बताया कि शिविर में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी मध्य प्रदेश के नेत्र विशेषज्ञों की टीम के द्वारा नेत्र रोगियों की जांच, परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की जाएगी। शिविर में चयनित मोतियाबिंद मरीजों को मक्सी ले जाया जाएगा। जहां ऑपरेशन, लेंस, दवाइयां, चश्में व आने जाने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

### हरियाणा के नूंह में सीआईएसएफ की दो बटालियन की स्थापना

**अंता।** महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सीआईएसएफ हरियाणा के नूंह में अपनी पहली महिला बटालियन स्थापित करने जा रही है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने 50 एकड़ भूमि आवंटित कर दी है। सीआईएसएफ इकाई अंता के प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि नूंह में प्रथम रिजर्व बटालियन और महिला रिजर्व बटालियन की यह दोहरी स्थापना सीआईएसएफ की तत्परता और दक्षता को भी बढ़ाएगी।

## राज्य वृक्ष खेजड़ी पर चलाई कुल्हाड़ी, सैकड़ों पेड़ किए धराशाही



**छबड़ा।** 12 सितम्बर सन् 1730 में अमृता देवी बिश्नोई सहित चौरासी गांव के 363 बिश्नोई, 69 महिलाएं और 294 पुरुष, खेजड़ी के हरे वृक्षों को बचाने के लिए खेजड़ली में शहीद हुए थे। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष होने के साथ ही विश्नोई समाज का आराध्य वृक्ष है। सरकार ने खेजड़ी को राज्य वृक्ष तो घोषित कर दिया लेकिन इसे काटने वालों के लिए शायद सजा का कोई प्रावधान ही नहीं है या फिर प्रशासन सोया हुआ है।

छबड़ा के ग्राम पंचायत सेमली हल्के में आनेवाला गांव अलीनगर से सेमला के मैन रोड पर सरकारी चारागाह एवं कुछ सेमला के खातेदारों की जगह खाली पड़ी हुई थी। जिस पर सैंकड़ों खेजड़ी के हरे वृक्ष खड़े हुए थे। खेजड़ी के वृक्ष होने के कारण सेमला के एक खातेदार ने तो उसे काश्त के लिए उपयोग में नहीं ले रखा था। लेकिन क्षेत्र के ही कुछ अतिक्रमियों की वहां नजरें थी।

गत एक दो दिन के अंदर ही वहां खड़े हुए सैकड़ों हरे-भरे खेजड़ी के वृक्षों को अज्ञात लोगों ने काटकर धराशाही कर दिया। जिसकी प्रशासन को खबर भी नहीं लगने दी। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही नहीं करेगा तो लगभग सारे वृक्ष काट दिए जाएंगे और सरकारी भूमि पर अतिक्रमी खेती करना प्रारंभ करने लगेंगे।

## देवनारायण जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**झालावाड़।** गुर्जर समाज द्वारा 1113 वें देवनारायण जन्मोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में धनवाड़ा स्थित देवनारायण मंदिर झालावाड़ में किया जाएगा। इस दौरान आयोजन के चलते समाज के धनवाड़ा स्थित देवनारायण मंदिर पर सजावट का कार्य भी पूरा किया जा चुका है।

गुर्जर समाज के जिला संयोजक श्याम गुर्जर खटाणा ने बताया कि 2 फरवरी को गणेश स्थापना एवं बिंदायक, 3 को छठ तिथि के अवसर पर जागरण एवं भजन कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से, 4 को सप्तमी के अवसर पर पूर्णाहूति एवं बासन सुबह दस बजे, आरती दोपहर बारह बजे एवं गंगाचरी दोपहर करीब एक बजे एवं हवन दोपहर दो बजे, प्रसादी शाम चार बजे से जबकि बडा जागरण रात्रि आठ बजे से आयोजित किया जाएगा। वहीं 5 फरवरी को सुबह 11 बजे जन्मोत्सव शोभायात्रा एवं मुख्य अतिथियों का उद्बोधन एवं दोपहर तीन बजे से जबकि महाप्रसादी शाम चार बजे से एवं भव्य भजन संध्या रात्रि आठ बजे से आयोजित की जाएगी। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए देवनारायण मंदिर पर पहुंचेगी। यहां मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का उद्बोधन होगा। 6 को समापन कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया जाएगा। इसके लिए गुर्जर समाज तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए श्याम गुर्जर खटाना, राकेश गुर्जर, छगनसिंह गुर्जर, किशन पोसवाल, रजत पटवारी, लालचंद चौहान, जगदीश गुर्जर, गोविंद चांदना, बालमुकुंद पोसवाल, महावीर गुर्जर, हरिराम गुर्जर, राजा बाबू, हेमराज गुर्जर, बिरधीलाल गुर्जर, बजरंगलाल गुर्जर, रणवीर गुर्जर, भारत पोसवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में पीले चावल का वितरण किया।

### विकास समिति की बैठक आयोजित

**छबड़ा।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक प्राचार्य अरविंद प्रतापसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रभारी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में विकास समिति सचिव अशोक कुमार मीणा ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा छात्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में हिम्मतसिंह सिंघवी राज्य सरकार प्रतिनिधि व अशोक भार्गव भामाशाह सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र प्रतिनिधि व अभिभावकों ने भाग लिया।

वहीं खेल सप्ताह में महाविद्यालय की टीमों का क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## बकाया वसूली को लेकर संभागीय मुख्य अभियंता ने विद्युत विभाग कार्यालय में ली बैठक



कार्यालय में बकाया वसूली को लेकर बैठक लेते संभागीय मुख्य अभियंता

**किशनगंज।** कस्बे के विभाग कार्यालय में संभागीय मुख्य अभियंता कोटा एवं अधीक्षण अभियंता बारां द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के चलते विद्युत बिलों पर बकाया चल रही राशि की वसूली को लेकर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक ली गई। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सत्यपाल मीणा ने बताया कि कार्यालय में संभागीय मुख्य अभियंता जीएस बैरवा व अधीक्षण अभियंता बारां एनएम बिलोटिया ने विद्युत विभाग उपखंड क्षेत्र में विद्युत बिलों की बकाया राशि की वसूली को लेकर निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में विद्युत बिलों की बकाया राशि वसूलने को लेकर विशेष अभियान चलाकर बकायादारों से विद्युत बिलों की राशि वसूलने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। सहायक अभियंता मीणा ने बताया कि रेलावन कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार ने वसूली को लेकर दो ट्रांसफार्मर तथा किशनगंज कनिष्ठ अभियंता राहुल यादव ने तीन बकायादारों के ट्रांसफार्मर उतारे। बकायादारों के ट्रांसफार्मर उतारने का कार्य आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगा।

### कनिका शर्मा के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



**बारां।** कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्री पहुंचे। मीडिया प्रभारी पार्षद जाकिर खान ने बताया कि 25 जनवरी को ब्राह्मण समाज की बहू कनिका शर्मा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते उसी दिन मृत्यु हो गई थी। जिसकी कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि जिन 14 व्यक्तियों पर नामजद व 20 अन्य पर झूठे मुकदमें कई धाराओं में दर्ज किए गए हैं। उनको निरस्त कर बनाए गए झूठे मुकदमें रद्द किए जाए। पुलिस प्रशासन पर झूठे मुकदमें बनाने की कार्यवाही की जाए। प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर पर बंद के आह्वान के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने में कैलाश शर्मा, गिरिराज शर्मा, अशरफ देशवाली, लेखराज शर्मा, रोहित गुर्जर, आशाराम बैरवा, कुलदीप भूलाहेड़ी, राजेंद्र बैरवा, पार्षद हुकुम एयरवाल, अनवर अली, परवेज़ खान, प्रदीप बैरवा, रशीद कबाड़ी, कमल शर्मा, महफूज खान, चंद्रमोहन नागर, ओपी शर्मा, शाहिद भाटी मौजूद रहे।

## शिखर कलशारोहण, सिंहद्वार लोकार्पण, संत भवन शिलान्यास 31 से



**बारां।** गणिनी आर्यिका 105 श्रीस्वस्ति भूषण माताजी के मंगल आशीर्वाद तथा प्रेरणा से श्री खण्डेलवाल दिगम्बर जैन समाज बारां द्वारा श्री 1008 संभवनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, कृष्णा नगर में 31 जनवरी से 1 फरवरी तक शिखर कलशारोहण, सिंहद्वार लोकार्पण, संत भवन शिलान्यास का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रवक्ता अमित जैन ने बताया कि 31 जनवरी को सुबह 7 बजे संभवनाथ मंदिर से नवीन चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा, घट यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महावीर गार्डन पहुंचेगी। जहां पर श्रीजी को पांडुशिला पर विराजमान किया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य अंशुल भैया के निर्देशन में सुबह 9 बजे आचार्य निमंत्रण, ध्वजारोहण व मंडप शुद्धि, 10 बजे से इंद्र प्रतिष्ठा व अभिषेक पूजा तथा श्रीजी का अभिषेक किया जाएगा। 1 बजे से श्री शांतिनाथ मंडल विधान प्रारम्भ होगा। सायं 6 बजे महाआरती होगी व 7.30 बजे प्रतिष्ठाचार्य अंशुल भैया के द्वारा प्रवचन होंगे। 1 फरवरी को सुबह 7.30 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन होगा व यागमण्डल विधान व हवन होगा। प्रात 11 बजे शिखर पर दंड व ध्वज पताका व सिंहद्वार का लोकार्पण मन्त्रचार के साथ होगा।

### शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

**बारां।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहीद दिवस के अवसर पर 30 जनवरी 2025 को जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में प्रातः 10.30 बजे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पुष्पार्पण, रामधुन व गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन एवं प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिले में उपखंड स्तर, समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दिवांशु शर्मा ने दी।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**छीपाबड़ौद।** स्व. प्रेमसिंह सिंघवी की स्मृति में जय हिंद क्लब द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर बारां एवं अध्यक्ष जिला पुलिस अधीक्षक बारां रहे। अति विशिष्ट अतिथि उप खण्ड अधिकारी छीपाबड़ौद, विशिष्ट अतिथि नरेश मीणा प्रधान छीपाबड़ौद, गजेन्द्र जैन, कैलाश जैन चेयरमैन छबड़ा रहे। जिला कलक्टर ने झंडारोणन कर फुटबॉल के किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्लब के मुख्य संरक्षक महाराजसिंह सिंघवी का भी माला पहनाकर साफा बांध स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश बाठला, कृष्ण मुरारी पारीक एडवोकेट, पिंटू गौतम, मुजीब अहमद आदि ने किया। उद्घाटन मैच जयपुर व कोटा के मध्य खेला गया। जिसमें जयपुर विजयी रहा।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच चित्तौड़, तीसरा मैच झालावाड़ ने जीता। जिसके अतिथि कन्हैयालाल वर्मा, सफी खान, जमील अहमद, जगदीश कुशवाह, शिवनारायण नामदेव रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बाबू खान, मोहम्मद शकीर, ललित सालवी, महेंद्र सालवी ने किया।

## वनभूमि से अतिक्रमण हटाने एवं अतिक्रमियों पर कार्रवाई करने की मांग



**किशनगंज।** तहसील क्षेत्र के नाहरगढ़ के समीप हरिपुरा ग्राम में स्थित वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने को लेकर ग्रामवासी बाबूलाल किराड़ की अगुवाई में ग्रामवासियों ने उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि नाहरगढ़ रेन्ज, हरिपुरा वॉच टावर के पास करीबन 150 बीघा वन भूमि है। इस वन भूमि में से 35 बीघा भूमि पर वर्तमान में कुछ प्रभावशाली अतिक्रमियों ने सरसो व गेहूं की फसल बुवाई कर दी है। अतिक्रमियों ने पूर्व में वनकर्मियों के साथ मारपीट भी की थी। साथ ही वॉच टावर के गेट तोड़ दिये थे। ज्ञापन में बताया कि नाहरगढ़ रेंजर सहित वन कर्मियों की मिलीभगत से करीबन 8 सालों से वन भूमि पर अतिक्रमण करवाया जा रहा है। वनपाल की मौजूदगी और उसकी सहमति पर वन भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी से वन भूमि से अतिक्रमियों द्वारा बुवाई की गई फसल को तुरन्त नष्ट करने, हरिपुरा में सम्पूर्ण वन भूमि 150 बीघा पर प्लान्टेशन लगवाए जाने, हरिपुरा वॉच टावर के पास होकर गुजर रही अतिक्रमियों की पाईप लाईनों को जब्त करते हुए अतिक्रमियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान हरिपुरा ग्रामवासी बाबूलाल किराड़, चौथमल नागर, हेमराज नागर, महेन्द्र चौधरी, ओमप्रकाश सुमन मौजूद रहे।

# गुडली स्कूल में हर मौसम में खुले आसमान के नीचे लगती है कक्षाएं

**बूंदी जिले में बुधवार को फंटूकड़ा गांव में प्लास्टर गिरने से पांच बच्चें हुए थे घायल**

## बिल्डिंग की हालत जर्जर, हरदम खतरे के बीच पढ़ते हैं विद्यार्थी

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा जिले की सीमा के नजदीक चंबल पार बसे बूंदी जिले के गुडली गांव के प्राथमिक स्कूल भवन की जर्जर हालात के चलते यहां हर मौसम में खुले आसमान के नीचे कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही है।

इस प्राथमिक स्कूल में मात्र 27 बच्चे पढ़ते है। जिन पर हरदम मौत का साया मंडराता रहता है। बूंदी जिला शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, राज्य सरकार का इस और ध्यान जाए तो स्कूल भवन के हालत सुधरे। अन्यथा यहां भी बूंदी जिले के फंटूकड़ा गांव जैसा हादसा घट सकता है।

### खतरे का आभास है फिर भी जाते है स्कूल

गुडली गांव के प्राथमिक स्कूल की पूरी बिल्डिंग की हालत जर्जर होने से छत का प्लास्टर गिरता रहता है। बच्चों को स्कूल भवन के कमरों में नहीं बिठाया जाता। शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की चलते 12 महिने हर मौसम में क्लास रूम से बाहर खुले आसमान के नीचे क्लास लगानी पड़ रही है। यहां के बच्चें साहसी है जिन्हें खतरे का पूरा आभास होते हुए भी स्कूल में पढ़ाई कर रहे है।


स्कूल भवन का बरामदा जिसकी छत के सरिए साफ नजर आ रहे है।


स्कूल में इस तरह लगती है खुले में क्लास।

### छत में दिख रहे सरिए डराते हैं

गुडली गांव का यह जर्जर स्कूल की बिल्डिंग की छत के सरिए साफ तौर पर दिखाई पड़ रहे है। कोई भी सरियों को गिन सकता है। छत में कितने सरिए डले हुए है। स्कूल में एक कमरा ऐसा भी है जिसमें छत का प्लास्टर और कंक्रीट गिरने से ढेर लगा हुआ है। जर्जर हालात के चलते हर मौसम में कक्षाएं बाहर ही लगती है।


जर्जर स्कूल भवन के एक कमरे में गिरा हुआ है प्लास्टर और कंक्रीट, खिडकी से नजर आ रहा है साफ।

### मां-बाप को डर लगता है बच्चों को स्कूल भेजने से

गुडली प्राथमिक स्कूल में बच्चों को भेजने में मां-बाप डरते है। बारिश में स्कूल भवन पूरा टपकता है। दीवारें सीलन की कहानी बयां करती है। जहरीले जीव-जंतु यहां रेंगते रहते है। अभिभावकों को डर लगता है। बच्चों के साथ कोई हादसा न हो जाए। इसके जिम्मेदार शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि है।

### प्रशासन कर रहा बड़े हादसे का इंतजार

केशवरायपाटन क्षेत्र के युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि फंटूकडा गांव में प्लास्टर गिरने का हादसा हुआ। वहां पांच बच्चों को चोट आई। गुडली गांव के प्राथमिक स्कूल को आकर प्रशासन को देखना चाहिए। अब भी क्या प्रशासन बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में मुलाकात की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्रामीण संघर्ष करेंगे।

**इनका कहना है**

मैं फिलहाल अवकाश पर हूं। गुडली स्कूल का मामला अवकाश से आने के बाद दिखवाता हूं।
**-राजेंद्र व्यास,** जिला शिक्षा अधिकारी, बूंदी

# सत्तावन साल से फरार 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



जननायक संवाददाता

**रामगंजमंडी।** क्षेत्र के सुकेत थाना पुलिस ने 57 साल से फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार देर रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रभूलाल सन् 1968 से हत्या के मामले में फरार चल रहा था। जो अपना नाम व सरनेम बदल कर दिल्ली में फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार के इनाम की भी घोषणा की थी। आरोपी प्रभूलाल उर्फ प्रेमसागर (72) ने 11 मई 1968 को कुंभकोट निवासी भवाना (25) नाम के युवक की पत्थर से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी थी। तब आरोपी 18 साल का था। जिसको लेकर मृतक के मामा रामप्रताप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**35 रुपए में बेची साइकिल को लेकर दिया था वारदात को अंजाम:** थानाधिकारी छोटूलाल के अनुसार सन् 1968 में आरोपी प्रभुलाल रामगंजमंडी में रहता था। जहां उसने कुम्भकोट निवासी भवाना को अपनी साईकिल 35 रुपए में बेच दी थी। लेकिन कुछ समय बाद भवाना ने साईकिल के 35 रुपए देने से मना कर दिया। जिसके बाद दोनों में विवाद हुआ और प्रभुलाल भवाना की पत्थर से हत्या कर फरार हो गया। आरोपी फरार होकर दिल्ली पहुंच गया। जहां उसने शादी भी की और आज उसके एक बेटा 45 वर्षीय और दूसरा बेटा 50 वर्षीय है। वही आरोपी के 3 पौत्र और पौत्री भी है। आरोपी दिल्ली में नाम बदल कर मकान ठेकेदार का काम कर रहा था।

**4 दिन तक रेकी कर आरोपी को पकड़ा:** सुकेत पुलिस लम्बे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस को मुखबीर की सूचना पर पता चला था कि आरोपी लम्बे समय से दिल्ली में रह रहा है। आरोपी की तलाश में सुकेत पुलिस टीम दिल्ली पहुंची। जहां उन्होंने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी की पूरी जानकारी निकाली और 4 दिन तक आरोपी की रेकी की। जिसके बाद आरोपी को स्थानीय थाने में डिटेन करके लाया गया। जहां आरोपी प्रभुलाल ने जुर्म कबूल कर घटना के कारणों की जानकारी दी। मामले में 1971 में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। प्रभूलाल अपना नाम बदलकर प्रेमसागर के नाम से दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में रह रहा था।

**25 हजार के इनाम की थी घोषणा:** एसपी कोटा ग्रामीण ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। जिसने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को मंगोलपुरी से गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# रूडसिको का सीवरेज प्रोजेक्ट, नो दिन चले अढ़ाई कोस

## 270 करोड़ से वर्ष 2025 में पूरा होना है काम, अभी आधा भी नहीं हो पाया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** रूडसिको प्रोजेक्ट के तहत शहर में 270 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन बिछाने का काम करवाया जा रहा है। मॉनीटरिंग नगर निगम के अभियंता कर रहे हैं। इन दिनों बारां रोड पर काम चलने से कई स्थानों पर मार्ग को एक तरफा किया हुआ है। काम की गति भी धीमी है। वहीं काम में लापरवाही के कारण बारां रोड पर केडीए के कई पोल क्षतिग्रस्त कर दिए है जिससे रात के समय अंधेरा भी पसरा रहता है।

यहां काम करने वाले कर्मचारियों का कहना था कि पिछले 2 माह से इस मार्ग पर काम चल रहा है। वहीं इन दो माह में कार्य की प्रगति देखें तो इसी गति से काम चलता रहा तो अभी दो साल का समय इस काम को पूरा होने में लग सकता है। तय समय पर काम पूरा नहीं होगा इसे अभियंता भी स्वीकार कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के भदाना, काला तालाब, कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, बोरखेड़ा, बोरखण्डी, देवली अरब क्षेत्र, सोगरिया क्षेत्र में सीवरेज पाइप लाइन डाली जानी है। यह प्रोजेक्ट राजस्थान शहरी पेयजल मलजल ओर अवसंरचना निगम निगम लिमिटेड (रूडसिको) का है। होने को तो यह काम दिसम्बर 2023 में शुरू होकर दिसम्बर 2025 में पूरा होना था। जिस गति से काम चल रहा है वह काफी धीमी है। होने को तो काम दिसम्बर 2023 में शुरू कर दिया गया था। बीच में बरसात ने काम बाधित रखा व कुछ समय स्वीकृतियां मिलने में हुई देरी के कारण काम काफी समय थमा रहा। इन दिनों कोरल पार्क रोड व बारां रोड पर लाइन डालने का काम जारी है। सीसी रोड होने से खुदाई में समय लग रहा है।


कृषि विश्वविद्यालय के यहां पाइप से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल।


खोदी सड़क में सीपेज में धंसी मिट्टी व भरा पानी।

वहीं जमीन के अंदर का मामला होने से कहीं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो कहीं जमीन में पानी का सीपेज होने से काम रोकना पड़ता है। बारां रोड पर मशीनरी तो लगाई हुई है लेकिन सड़क की जिस साइड खुदाई हो रही है। उसमें कृषि विश्वविद्यालय से बोरखेडा पुलिस थाना तक एक साइड का रोड बंद किया हुआ है। यहां लाइन डालते समय आस पास की मिट्टी का कटाव रोकने के लिए जो लोहे का चेम्बर डाला गया वो तो पानी का सीपेज होने से जमीन में धंसता चला गया। दो दिनों बाद भी यहां भरे पानी को निकाला नहीं जा सका था। यहां आस पास की कॉलोनियों के निवासियों का कहना है कि मार्ग अवरूद्ध होने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी निरंतर बनी रहती है। तेज गति से दौड़ते वाहन एक तरफ से निकलते हैं तो कई बार जाम के हालात बन जाते हैं। बोरखेड़ा थाना के आगे भी एक तरफ खुदाई में निकली मिट्टी डली होने से परेशानी हो रही है।

वहीं नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता कुलदीप प्रेमी ने बताया कि यह रूडसिकों का बड़ा प्रोजेक्ट है। काम में समय लगता है। जहां तक पाइप लाइन की बात है तो सर्वे के आधार पर बनी डीपीआर में जो है उसी अनुरूप लाइन डालने का काम करवाया जा रहा है। लाइन के साथ पम्पिंग स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं उनके लिए भूमि तो केडीए ने दी है लेकिन आवंटन में समय लग गया। कुछ समय बरसात के कारण भी काम बंद रहा। अब समयावधि पर काम पूरा होने में संशय है।

### सड़कें हुई गढ्डो में तब्दील

होने को तो जिस सड़क को इस कार्य के लिए तोड़ा या खोदा जा रहा है। उसे काम पूरा होने के बाद उसी स्थिति में वापस बनाकर देने की बात कही जा रही है। लेकिन वर्तमान में सड़क खुदी हुई ही पड़ी है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कोरल पार्क से देवली अरब आने वाले रोड पर खुदाई कर लाइन भी डाल दी गई। लेकिन सड़क को पूर्व की भांति नहीं किया गया है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि जब तक लाइन की टेस्टिंग नहीं हो जाती उसे बनाया नही जा सकेगा।

# अवैध गांजे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**केशवरायपाटन।** पुलिस ने 100 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए जलोदा निवासी भोजराज पुत्र दुर्गालाल राठौर को गिरफ्तार किया है। जो अरनेठा से जलोदा जाने वाले रोड पर अरनेठा पर गश्त के दौरान जीप की रोशनी पर हड़बड़ाहट में पास ही पीपल के पेड़ के पीछे छुपने के लिए भागा। जिसे पकड़ कर तलाशी ली तो 100 ग्राम गांजा मिला। वहीं जलोदा नहर की पाल के पास खेतों की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से आरोपी शिवराज सैनी और कृष्ण कुमार के पास से 3 किलो 291 ग्राम गांजा और मोटरसाइकिल सहित जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# ऐरिया डोमिनेशन के तहत 7 गिरफ्तार

**मंडाना।** कोटा ग्रामीण की मंडाना थाना पुलिस ने महानिरीक्षक पुलिस रविदत्त गौड़ कोटा रेंज द्वारा चलाये गये एक दिवसीय ऐरिया डोमिनेशन के विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुये कुल 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण सुजित शंकर ने बताया कि मंगलवार को अजय कुमार मंडाना थानाधिकारी मय टीम ने रामनिवास पुत्र रामकरण, सत्यनारायण पुत्र दुर्गालाल, राजू पुत्र भंवरलाल, अकबर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन, शकील मोहम्मद पुत्र सद्दीक मोहम्मद, श्यामलाल पुत्र किशनलाल, ओमप्रकाश पुत्र कालूलाल कुल 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# छावनी स्थित शकुंतला अपार्टमेंट के मालिक सहित 3 आरोपियों को 2 वर्ष का कारावास

## अपार्टमेंट की पानी की टंकी टूटकर मकान पर गिरने से बालक की मौत का मामला

जननायक संवाददाता

**कोटा।** गुमानपुरा थाना क्षेत्र में 18 वर्ष पूर्व छावनी स्थित शकुंतला अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर बनी पानी की टंकी टूटकर रिहायशी मकान पर गिरने से एक बालक की मौत हो गई थी। इस मामले में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 दक्षिण के न्यायाधीश रजत गुप्ता ने दोषी पाएं जाने पर अपार्टमेंट के मालिक सहित तीन आरोपियों को दो वर्ष के कारावास व प्रत्येक को 3500 रुपए जुर्माना की सजा से दंडित किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण के तथ्यों के अनुसार फरियादी रघु जैन ने 10 अप्रेल 2006 को गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि रात 10.30 बजे के करीब अपने सभी परिवारजन के साथ छावनी स्थित मकान के अंदर था। मकान के पश्चिम दिशा के कमरे में उसकी पत्नी रूचि अपने दोनों बच्चों सार्थक व संयम के साथ पलंग पर बैठकर उन्हें पढ़ा रही थी। तभी अचानक कमरे की छत पर जोरदार धमाका हुआ। कमरे की पट्टियां टूटकर नीचे गिरी। जिनमें से एक पट्टी सार्थक के सिर पर गिरी। दूसरी पट्टी संयम के पैर के पास गिरी। जिससे दोनों बच्चों के चोटें आई। उसकी पत्नी के चेहरे व शरीर पर चोटें आई। घटना से उसके मकान के पश्चिम दिशा में बनी अवैध बहुमंजिला इमारत की पानी की टंकी जो नाजायज रूप से लापरवाही पूर्वक बनाई गई थी। वह टूटकर उसके मकान की छत पर गिरने से उसके पुत्र सार्थक की मृत्यु हो गई। संयम एमबीएस अस्पताल में भर्ती है। उसके मकान की अत्यधिक क्षति हुई है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपार्टमेंट के दादाबाड़ी निवासी मालिक राजेश कृष्ण बिड़ला, किशोरपुरा थाना क्षेत्र के सुभाष कॉलोनी गोविंद धाम निवासी संजीव साहनी, भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र के भगत सिंह कॉलोनी निवासी अनिल ईनाणी, आरकेपुरम निवासी चेतन कोली, उड़िसा के कलण्डी जिले के नरला थाना क्षेत्र के घोडाबंद हाल उड़िया बस्ती तलवंडी निवासी रामप्रसाद व महावीर नगर थाना क्षेत्र के हरिओम नगर निवासी रामदयाल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अनुसंधान के बाद सभी अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में 18 गवाहों के बयान दर्ज करवा कर 57 दस्तावेज पेश किए थे।

इस प्रकरण में न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रकरण में जो अनुसंधान किया गया है। वह पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। अनुसंधान अधिकारी गुमानपुरा थानाधिकारी की ओर से प्रकरण में चालान प्रस्तुत करने से पूर्व जप्तशुदा माल के संबंध में एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही प्रकरण में आरोप पत्र वर्ष 2006 में अनुसंधान धारा 173 (8) भादंस के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया था। परन्तु आज दिनांक तक उक्त लंबित रखे गए अनुसंधान के संबंध में कोई भी साक्ष्य या संपूर्ण चार्जशीट न्यायालय में पेश नहीं की गई है। न्यायालय की ओर से गुमानपुरा थानाधिकारी को 3 दिसम्बर 2013 की आदेशिका से लंबित रखी जांच के संबंध में वस्तुस्थिति की रिपोर्ट पेश करने के लिए भी तहरीर जारी की गई थी। लेकिन उक्त तहरीर का कोई भी जवाब थानाधिकारी ने नहीं दिया। आज दिनांक तक उक्त लंबित रखी जांच के संबंध में कोई भी तथ्य न्यायालय के समक्ष नहीं रखे गए है। जिससे इस आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक शहर को भेज कर प्रकरण में लंबित रखी जांच के संबंध में उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद तीनों अभियुक्तों राजेश कृष्ण बिड़ला, संजीव साहनी व अनिल ईनाणी को दोषी पाएं जाने पर 304 ए में दो वर्ष का कारावास व प्रत्येक को दो हजार जुर्माना, धारा 337 भादंस में छह माह का कारावास व प्रत्येक को 500 रुपए जुर्माना व धारा 338 भादंस में दो वर्ष का कारावास व प्रत्येक को एक हजार रुपए जुर्माना की सजा से दण्डित किया है। न्यायालय ने अभियुक्त चेतन कोली, रामप्रसाद व रामदयाल को दोषमुक्त कर दिया है।

# कचरे में लगी आग, आग की लपटों से मकान की खिड़की जली

जननायक संवाददाता

**कोटा।** शहर के तलवंडी स्थित सब्जीमण्डी के यहां बुधवार सुबह कचरे के ढ़ेर में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि पास बने पहली मंजिला इमारत पर लगी यूपीवीसी की खिड़की तक आग की चपेट में आ गई। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई। इस दौरान काफी भीड़ भी आस पास के लोगों की लगी रही।

स्थानीय निवासियों के अनुसार यहां कचरे के ढ़ेर लगे हुए थे। यहां झुग्गी झोपड़ियां भी बनी हुई थी। सुबह करीब पौने 10 बजे आग ने भीषण रूप ले लिया। हवा के साथ आग फैलती चली गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि निकल रही बिजली की लाइन भी चपेट में आ गई। स्थानीय निवासियों ने केईडीएल को सूचना दी तो बिजली बंद की गई। सूचना पर अग्निशमन की गाड़िया करीब 11 बजे पहुंची। आग बुझाने में फायर कर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।



तलवंडी सब्जीमण्डी के यहा लगी आग से उठती लपटें।



आग की चपेट में आई मकान की खिड़की।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि वहां मजदूर वर्ग मामा लोगों की थड़ियां थी जिसमें चल रहे चूल्हे से आग लगी। वहीं कुछ स्थानीय निवासियों का कहना था कि वहां कचरा पड़ा हुआ था। बिजली के पोल से गिरी चिंगारी के कारण आग लगी। पास ही स्टेशनरी की दुकान थी। जिसकी दीवार भी आग से गर्म हो गई थी। लोगों ने दुकानदार को बुलाकर दुकान खुलवाई। वहीं दुकान के ऊपर बने कमरें में विद्यार्थी रहते थे। आग से ऊपर के कमरे की खिड़की भी जल गई। आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान हो सकता था। करीब एक घंटे तक आग की लपटों से पूरे क्षेत्र में धुआं ही धुआं हो गया था। स्थानीय लोगों ने कचरे का उठाव व बिजली के पोल के नीचे बनी झुग्गी झोपड़ियों को हटाने की बात कही। जिससे इस तरह की आगजनी की घटनाए नहीं हो।

# युवक को चाकू मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



जननायक संवाददाता

**केशवरायपाटन।** कस्बे में शुक्रवार रात को मित्र की शादी समारोह से आ रहे युवक पर आपसी कहासुनी होने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था। जिसके बाद घायल युवक को कोटा रैफर कर दिया गया था। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी और दो आरोपियों किशन पुत्र मेघराज मेघवाल निवासी वार्ड 21 केशवरायपाटन तथा प्रीतम मीणा पुत्र ब्रह्मानंद मीणा निवासी बालिता को गिरफ्तार किया है।

# निजी बस तथा ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में आधा दर्जन यात्री घायल



## महाकुंभ से आ रही थी निजी बस

**अंता।** नेशनल हाइवे 27 पर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही निजी बस तथा ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। नेशनल हाइवे 27 पर ओवरटेक करते समय निजी बस तथा जिंस से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। जिससे बस में सवार यात्रियों में हड़कम मच गया। वहीं आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। दूसरी ओर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी खाने से ट्रॉली में भरा धान रोड पर फैल गया। जिससे रोड पूरी तरह जाम हो गया। पुलिस ने वाहनों को दूसरे रोड से निकाला।

स्वामी एशियन न्यूजमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक-मुद्रक जयदीप शर्मा द्वारा जननायक प्रिंटर्स प्लाट नं. F-9 (B), रोड नं. 1, इन्द्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक- जयदीप शर्मा, फोन : 9414243142, 0744-2411101 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)